दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 105 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 08 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

## भारत के हमले से पाकिस्तान पस्तः 120 से अधिक आतंकी मार गिराए

# भारत ने पाकिस्तान पर किया मिसाइल हमला, पहलगाम घटना का ले लिया बदला

## 9 टारगेट, 24 मिसाइल और टाइम एक, 25 मिनट में काम तमाम

## जैश आतंकी मसूद का पूरा परिवार खत्म, फूट फूटकर रोया अजहर

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली।** देशभर में भारतीय सेना के पराक्रम की तारीफ हो रही है। बुधवार रात 1.31 बजे. रात के सन्नाटे में सेना के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने खलबली मचा दी। भारतीय सेना और वायुसेना की जोड़ी चुपचाप वह कर चुकी थी, जो 1971 के बाद कभी नहीं हुआ था। कुछ ही देर पहले 25 मिनट तक चला ऑपरेशन सिंदूर पूरा हो चुका था। पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर उसके दिल कहे जाने वाले पंजाब के बहावलपुर से लेकर पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को मिसाइलों और फाइटर जेट्स ने मिट्टी में मिला दिया था। यह ऑपरेशन इतने गुप्त तरीके से हुआ कि अलर्ट पर बैठी पाकिस्तानी सेना को खबर तक नहीं लगी।

### ऑपरेशन सिंदूरः जहां कसाब और हेडली की मिली ट्रेनिंग, उसे मिट्टी में मिला दिया

भारतीय सेना की ओर से मंगलवार-बुधवार की रात 25 मिनट तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर अटैक किया गया। इस एयर स्ट्राइक के बारे में भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग के जरिए जानकारी दी। इस प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि 25 मिनट में आतंकियों की पनाहगाहों को चुन-चुन कर मिट्टी में मिलाया गया। इनमें वो ठिकाने भी थे जहां कभी कसाब और हेडली जैसे आतंकियों को ट्रेनिंग मिला था।

### किसी भी नागरिक को नहीं पहुंचाई गई कोई क्षति

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि किसी तरह की नागरिक क्षति की रिपोर्ट नहीं गई है और रिहायशी इलाकों को भी निशाना नहीं बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर में करीब 70 से 100 आतंकी मारे गए। जब सेना ने यह कारवाई की तो पाकिस्तान के लिये सरप्राइज था। उस वक्त तुरंत पाक की ओर से कोई रिएक्शन नहीं आया।

### पहली बार वायुसेना और थल सेना ने मिलकर की कार्रवाई

2016 में उरी में सेना के कैम्प पर आतंकी हमले के बाद जो सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक किया था, उसमें केवल थल सेना शामिल थी। वही 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ़ के काफिले पर आतंकी हमले के बाद वायुसेना ने जैश के आतंकी कैम्प पर हमला किया। इस ऑपरेशन में केवल वायुसेना थी। जबकि ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना और थल सेना ने मिलकर हिस्सा लिया। सेना को आशंका है कि पाक जवाबी कार्रवाई कर सकता है, इससे निपटने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है।



### 1.05 से 1.30 मिनट तक 25 मिनट की कार्रवाई

वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मंगलवार-बुधवार देर रात 1 बजकर 5 मिनट से 1 बजकर 30 मिनट के बीच ये हमला किया गया था। पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया। नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया और उन्हें सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। इस दौरान एयर स्ट्राइक से जुड़ी एक वीडियो क्लिप भी दिखाई गई, जिसमें बताया गया कि इस ऑपरेशन के दौरान 9 टारगेट चुने गए थे। इस स्ट्राइक में लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट कर तबाह कर दिया गया।

### पाकिस्तान के अंदर के इन टारगेट्स पर किया था अटैक

- **सर्जल कैंप, सियालकोट** यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। मार्च 2025 जम्मू-कश्मीर के चार जवानों की जो हत्या की गई थी, उन आतंकियों को इसी जगह पर ट्रेन किया गया था।
- **महमूना जाया कैंप, सियालकोट** यह 12 से 18 किलोमीटर आईबी से दूर था, हिजबुल-मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था। यह कठुआ में आतंक फैलाने का केंद्र था। पठानकोट एयरबेस हमला भी यहीं से प्लान किया गया था।
- **मरकज तैयबा मुरीदके** यह आईबी से 18 से 25 किलोमीटर दूरी पर है. 2008 के मुंबई हमले के आतंकी भी यहीं से परिशिक्षित हुए थे। अजमल कसाब और डेविड हेडली भी यहां ट्रेन हुए थे।
- **मरकज सुभानअल्लाह, भवलपुर** यह इंटरनेशनल बाउंड्री से 100 किलोमीटर दूर है. यह जैश-ए-मोहम्मद का केंद्र था।

आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की तैयारी के बारे में अधिकारियों ने बताया कि सशस्त्र बलों ने इन स्थलों पर संचालित हो रहे आतंकी शिविरों के बारे में 'गुप्त खुफिया जानकारी' पहले से जुटा रखी थी।

### लाहौर से 30 किमी दूर मुरीदके स्थित लश्कर के मुख्य ठिकाने पर 4 हमले

अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन के दौरान लाहौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर मुरीदके में लश्कर के मुख्य ठिकाने पर लगातार चार बार हमला किया गया। मुरीदके, 1990 से लश्कर का गढ़ है, जहां अजमल कसाब और नौ अन्य आतंकवादियों को मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले से पहले प्रशिक्षित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, 26/11 हमले के आरोपी डेविड हेडली और तहव्वुर राणा भी वहां गए थे।

### मुरीदके में गेस्टहाउस के लिए ओसामा बिन लादेन ने दिए थे 10 लाख रुपए

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में 2011 में मारे गए अलकायदा आतंकवादी ओसामा बिन लादेन ने मुरीदके में एक गेस्टहाउस के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये का दान दिया था। अधिकारियों ने बताया कि हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा ने जम्मू-कश्मीर, बेंगलुरु और हैदराबाद समेत देश के कई अन्य हिस्सों में भी आतंकवादी हमले किए हैं।

## पीएम मोदी ने सुरक्षा बलों की तारीफ की, पूरी कैबिनेट ने थपथपाई मेज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। दरअसल, भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। इस दौरान नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित किया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। ऐसा माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा हालात का जायजा लिया। इससे पहले



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्यों, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता दी थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

### मसूद अजहर अपनों की मौत पर फूट-फूटकर रोया

मसूद अजहर ने बयान जारी कर बताया है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलुपर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद चीफ मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया। भारत के हमले में आतंकी कारी मोहम्मद इकबाल की भी मौत हुई है। कारी इकबाल ही कोटली में चलने वाले आतंकी कैंपों का कमांडर था। कारी इकबाल के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बिलाल आतंकी कैंप के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है।





### मोदी ने दी कैबिनेट को जानकारी

भारत की ओर से पाकिस्तान के 9 स्थानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि ऑपरेशन बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना ने पहले से की गई विस्तृत तैयारियों का सख्ती से पालन करते हुए अत्यंत सटीकता के साथ मिशन को अंजाम दिया। इस बैठक के दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और कहा कि ये तो होना ही था। उन्होंने कहा कि पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। हमें हमारी सेना पर गर्व है। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कैबिनेट मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया

### रात भर पीएम मोदी ने ऑपरेशन पर रखी नजर

बता दें कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना ने एक ऐतिहासिक संयुक्त ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के जवाब में किया गया जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने रात भर चले ऑपरेशन पर लगातार नजर रखी। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया जहां से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर' कोड नाम के तहत किए गए हमलों में नौ साइटों को निशाना बनाया गया। भारतीय सशस्त्र बलों की दो महिला अधिकारियों ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सैन्य हमले बुधवार को तड़के 1.05 से 1.30 बजे के बीच विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर किए गए थे और इसका उद्देश्य सीमा पार आतंकी ठिकानों, आतंकी लॉन्चिंग पैड और आतंकी केंद्रों को नष्ट करना था।

### रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में किया सूचित

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित करने के तुरंत बाद पूरे मंत्रिमंडल ने मेज थपथपाकर इस कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। ऐसा माना जा रहा है कि इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा स्थिति का जायजा लिया।

### लश्कर और जैश के ठिकाने तबाह

बता दें कि पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देते हुए, भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल था। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्य, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को स्वतंत्रता दी थी।

### जैश ए मोहम्मद का मुख्यालय है मरकज सुभान अल्लाह

मरकज सुभान अल्लाह कराची-तोरखाम राजमार्ग पर बहावलपुर के बाहरी इलाके में स्थित है। यह जैश ए मोहम्मद का मुख्य आतंकी प्रशिक्षण केंद्र है, जो 15 एकड़ इलाके में फैला है। मरकज सुभान अल्लाह जैश का संचालनात्मक मुख्यालय माना जाता है और 2019 में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की योजना यहीं बनाई गई थी। मौलाना मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है, लेकिन फिलहाल पाकिस्तानी सेना ने उसे भारत के हमले के डर से किसी अज्ञात स्थान पर छिपाया हुआ है। जैश ए मोहम्मद को साल 2001 में भारत ने आतंकी संगठन घोषित किया था। उसके बाद से कई अन्य देश भी इसे आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। मरकज सुभान अल्लाह का निर्माण साल 2015 में हुआ है और इसके लिए पाकिस्तानी सरकार ने फंडिंग दी। साथ ही जैश ने अरब और अफ्रीकी देशों से भी फंड इकट्ठा किया।

### 'आतंक की फैक्ट्री' कहलाती है लश्कर का मरकज

अधिकारियों के अनुसार मुरीदके में स्थित तैयबा के मरकज (केंद्र) को 'आतंक की फैक्ट्री' कहा जाता है, यह लश्कर-ए-तैयबा का सबसे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती किए गए लोगों को बरगलाया जाता है, प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 1,000 छात्र नामांकित हैं।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
08 मई, 2025

# हाइड्रोलिक क्रेन के माध्यम से 10 मंजिल से लोगों को किया रेस्क्यू

## जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने विभागों का त्वरित प्रदर्शन परखा, आवश्यक निर्देश दिए

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** आशियाना आंगन भिवाड़ी में मंगलवार को सिविल डिफेंस के तहत आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास शाम 4 बजे किया गया। मॉकड्रिल के तहत सोसाइटी पर हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, सिविल डिफेंस,चिकित्सा, अग्निशमन व अन्य संबंधित विभागों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। प्रशासन व पुलिस द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई।



### मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं

सायरन की आवाज एवं कंट्रोल रूम में सूचना मिलने के साथ ही पुलिस, प्रशासन की गाड़ियां, एम्बूलेंस व फायर ब्रिगेड घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। सायरनों की आवाज सुनकर हर कोई बचाव की मुद्रा में आ गया एवं हवाई हमले के बाद घायलों एवं प्रभावितों को बचाने के लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित विभाग सक्रिय हो गये। यह मॉकड्रिल प्लांट में दुश्मन देश के हवाई हमले की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से की गई। हवाई हमले के साथ मॉक ड्रिल की शुरुआत हुई, जिसके तत्काल बाद सायरन बजने लगे, जिला पुलिस कंट्रोल रूम को हवाई हमले की सूचना दी गई। पुलिस, चिकित्सा, सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। तत्काल प्रभाव से एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मॉक ड्रिल में घायल हुए लोगों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग बुझाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सिविल डिफेंस एवं फायर ब्रिगेड की टीम एवं हाइड्रोलिक क्रेन के माध्यम से दसवीं मंजिल से लोगों को रेस्क्यू करने का सजीव प्रदर्शन करते हुये अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड टीम ने पानी व फॉम के माध्यम से आग पर काबू पाने का मॉक ड्रिल किया.

### प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली कमान

हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला कलक्टर किशोर कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने मौके पर पहुँचकर बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लेकर टीम की सक्रियता को परखा। पुलिस टीम ने मोर्चा संभालकर परिस्थिति को नियंत्रण में लिया। डिप्टी एसपी कैलाश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता द्वारा आसपास जमा भीड को हटाते हुये संभावित हमले से बचाव के लिये एसओपी की पालना के निर्देश दिये गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, आयुक्त नगर परिषद ने बचाव राहत कार्यों की टीम के साथ समन्वय का कार्य किया। अस्पताल पहुंचने पर, घायलों को तुरंत सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने उनकी प्राथमिक जांच की और उन्हें उनकी चोटों की गंभीरता के अनुसार विभिन्न वार्डों में भेजा गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ अरविंद गेट के नेतृत्व में अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में तेजी और समन्वय देखा गया। डॉक्टरों ने मॉकड्रिल में घायल हुए लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। तत्पश्चात जिला कलक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया एवं आपातकालीन में लाए गए करीब घायलों की स्थिति अनुरूप व्यवस्थाओं देखा तथा लोगों से मुलाकात कर ऐसी स्थिति में धैर्य से काम लेने को कहा। जिला कलक्टर ने अस्पताल प्रशासन से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक फीडबैक भी दिया। साथ ही एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक चिकित्सक उपकरणों की स्थित, चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की उपस्थित को भी देखा। मॉक ड्रिल के अंत में जिला कलक्टर ने कहा कि यह मॉकड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के समन्वय और तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल से किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की हमारी क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती रहेंगी ताकि आपात स्थिति के लिए जिला प्रशासन तैयार रहे। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मॉक ड्रिल से उन्हें अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को त्वरित बनाने में मदद मिलेगी। यह मॉक ड्रिल नगर परिषद और जिला प्रशासन के आपदा प्रबंधन की तैयारियों को दर्शाती है और यह संदेश देती है कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैयार हैं। मॉक ड्रिल के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, डीएसपी कैलाश चौधरी सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## आदिनाथ शिक्षण संस्थान में दो वाटर कूलर का किया गया उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा प्रोजेक्ट के तहत आर के इंफ्रा के राकेश जैन अगोनीज एवं अशोक जैन अगोनीज के सौजन्य से 11 वाटर कूलर के लगाने के क्रम में दो वाटर कूलर का आदिनाथ शिक्षण संस्थान स्कीम न 8, अलवर में उद्धघाटन किया गया। इन वाटर कूलर के समस्त रख रखाव की जिम्मेदारी आदिनाथ शिक्षण संस्थान की रहेगी। रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष दीपक कट्टा ने बताया कि उद्धघाटन कार्यक्रम में आर के इंफ्रा से एवं आदिनाथ शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अशोक जैन एवं पदाधिकारी, रोटरी क्लब अलवर से रोटेरियन सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष वी डी अग्रवाल, अशोक कुमार, मगन चंद जैन, अनिल जैन, पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गुप्ता उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज जैन हैं। आदिनाथ शिक्षण संस्थान द्वारा सभी पधारे रोटेरियन का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## पदोन्नति हुई फार्मासिस्टों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** सामान्य चिकित्सालय अलवर में 2 ग्रेड से पदोन्नति कर 1 ग्रेड हुए फार्मासिस्ट का प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर्स के नेतृत्व में एम एन डी वाई के समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर्स ( सामान्य चिकित्सालय अलवर) द्वारा सामान्य चिकित्सालय में बुधवार को संम्मान किया गया। जिसमे एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे देकर व माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया व शुभकामनाये दी गई और आगे भी पदोन्नति के लिए बधाई दी गई। प्रभारी ऑपरेटर्स नितेश शर्मा ने बताया कि एम एन डी वाई योजना सरकार की प्रथम सफल योजना है, इस योजना में प्रत्येक वर्ष लाखो व्यक्ति लाभान्वित होते है, इस योजना में फार्मासिस्ट का अहम योगदान होता है। इस योजना में फार्मासिस्ट के साथ साथ कंप्यूटर ऑपरेटर्स व हेल्पर का योगदान होता है व सभी ने साथ मिलकर मरीजो के हित के लिए कोरोना जैसी महामारी में भी अपनी जान जोखिम में डालकर भी पूर्ण निष्ठा से अपने कर्तव्य को निभाया।

## दशहरा मैदान में 10 मई को होगा श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन




### छप्पन भोग प्रसाद, राधा की रसोई, माखन मिश्री प्रसाद होगा आकर्षण, कोलकाता के फूलों से सजेगा दरबार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 10 मई शनिवार को दशहरा मैदान जेल चौराहा पर त्रयोदशम श्री श्याम वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। यह आयोजन श्याम 7.15 बजे आयोजित होगा। यह जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। श्याम सेवा समिति के प्रवक्ता महेन्द्र गोयल ने बताया श्री श्याम वंदना महोत्सव मुख्य अतिथि श्री श्याम प्रभु, खाटू धाम होंगे। बाबा की अखण्ड ज्योत प्रज्जवलन पीठाधीश्वर प्रेम पीठ तिजारा से कृष्णा चैतन्य मोहनाचार्य करेंगे। इस आयोजन में देश के जाने-माने विख्यात प्रमुख भजन गायक कलाकार समस्तीपुर से रेशमी शर्मा जयपुर के संजय पारीक, श्री धाम वृन्दावन से माधवी शर्मा, अलवर के मशहूर संजय शर्मा द्वारा नरेश म्यूज़िकल ग्रुप के शानदार साजों के साथ बाबा के भजनों का गुणगान किया जायेगा। मंच संचालन व्यवस्था नवीन अग्रवाल करेंगे। इस आयोजन में साउंड व्यवस्था हरि साउंड के मनीष जैन करेंगे, दरबार सेवा श्री गुणगान सेवा समिति द्वारा की जायेगी, छप्पन भोग प्रसाद, राधा की रसोई, माखन मिश्री प्रसाद प्रमुख होगा । इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथियों में भूपेंद्र यादव केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, टीकाराम जूली नेता प्रतिपक्ष, संजय शर्मा वन पर्यावरण राज्य मंत्री होगे। वहीं बाबा बालक नाथ योगी अस्थल बोहर मठ रोहतक विधायक तिजारा, संजय गिजगड़िया चेयरमैन -नगर पालिका खेड़ली, अशोक जैन अगोनिज अध्यक्ष श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान अलवर, अलवर, त्रिलोकचंद जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लीवाल जैन महासभा, राकेश कुमार जैन, विमल कुमार राहुल कुमार जैन, अनिल कुमार आकाश जैन उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान श्री श्याम वंदना महोत्सव के पदाधिकारी संरक्षक विमल कुमार जैन, तिलक राज झांब, राजेंद्र चौधरी, कमल चन्द जैन, अध्यक्ष रूपेश जैन, महामंत्री जयप्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष भुवनेश विजय, मीडिया प्रभारी प्रशांत गुप्ता, कीर्तन संयोजक मनीष जैन, अंशुल गोयल, भंडारा संयोजक पुष्पेंद्र जैन, चिराग जैन, बृजेश गुप्ता, किशोर गेरा, अंकित अग्रवाल आदि काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## जिला कलक्टर ने किया मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

### मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र के समन्वित विकास के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र (एमआईए) का दौरा कर पार्कों व सडक के किनारे कराए गए पौधारोपण, सडकों, नालियों व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था आदि औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जावें तथा सडकों की मरम्मत के प्रस्ताव यथाशीघ्र मुख्यालय भिजवाकर उन्हें स्वीकृत करवाकर कार्य करावे। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से निस्तारित प्रदूषित जल के डिस्पोजल पोईन्ट का भी अवलोकन किया गया तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल व रीको को कमेटी बनाकर इकाइयों का सर्वे करने तथा केमिकल इकाईयों को ईटीपी संचालित करने के लिए पाबंन्द करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हैवल्स इण्डिया लि. में किये गये वृक्षारोपण का निरीक्षण भी किया तथा उनके द्वारा किये गये एमओयू की प्रगति के संबंध में फीडबैक लिया।

### बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिला कलक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय के सभागार में रीको, जिला उद्योग केंद्र, प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं संबंधित अधिकारियों तथा मत्स्य उद्योग संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र के समन्वित विकास, औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए गए एमओयू की प्रगति, केंद्र व राज्य सरकार की औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं व नीतियों, एसटीपी के शोधित पानी का औद्योगिक उपयोग आदि के संबंध में बिन्दुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सहायक अभियन्ता रवि तिवाडी सहित संबंधित अधिकारी एवं मत्स्य औद्योगिक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सैनी समाज की नवीन कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



### शपथ ग्रहण के बाद बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** सैनी समाज राजगढ़ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सैनी धर्मशाला राजगढ़ में अलवर जिला सैनी महासभा के अध्यक्ष पूरण मल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला सैनी महासभा अलवर के अध्यक्ष पूरणमल सैनी ने सैनी समाज राजगढ़ के अध्यक्ष व समस्त कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला सैनी समाज अलवर. मालाखेड़ा. मौजपुर, बानसूर, रैणी, राजपुर बड़ा,सकट, माचाड़ी, लक्ष्मणगढ़ के सभी अध्यक्ष व उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी शामिल हुए द्य सैनी समाज राजगढ़ के विधि सलाहकार जितेंद्र सैनी एडवोकेट ने बताया कि 31 कार्यकारिणी पदाधिकारीयों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली द्य शपथ ग्रहण कार्यक्रम को पूरणमल सैनी, लालाराम सैनी,निरंजन लाल सैनी कैलाश चंद सैनी, कन्हैया लाल सैनी गुरुजी, गोवर्धन लाल सैनी गुरुजी, प्रहलाद राय सैनी गुरुजी लहरी राम सैनी, अलका सैनी एडवोकेट व सैनी समाज राजगढ़ के अध्यक्ष पी. डी सैनी ने संबोधित किया शपथ ग्रहण समारोह के संपन्न होने के बाद जिला सैनी महासभा के अध्यक्ष की उपस्थिति में सामाजिक बैठक रखी गई जिसमें समाज सुधार से संबंधित मुद्दों पर गहन चिंतन किया गया द्य बैठक में विधवा विवाह पर जोर दिया गया इसका उदाहरण हाल ही में राजगढ़ में संपन्न हुए विवाह छतरी का बास राजगढ़ में देखने को मिला जिसमें एक विधवा का विवाह नवीन विवाह में होने वाले सभी कार्यक्रमों के साथ सप्तपदी के साथ संपन्न कराया गया जो एक समाज में अनमोल उदाहरण बना है द्य सैनी समाज राजगढ़ के सचिव सत्येंद्र सैनी ने बताया कि सैनी समाज में व्याप्त अन्य कुरीतियों को दूर करने के लिए जल्दी ही सैनी समाज राजगढ़ की एक महासभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सामाजिक बुराइयों को दूर करने हेतु प्रस्ताव पारित कर इसे समाज के पटल पर रखा जाएगा द्य इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में रामखिलारी सैनी, बनवारी लाल सैनी, देवीसहाय धामला, गिर्राज मैदानी, जितेंद्र सैनी एडवोकेट, दीपचंद सैनी, नंदकिशोर सैनी,छाजू राम,बनवारी लाल सैनी. श्याम लाल सैनी,भगवान सहाय सैनी गुरुजी, रूपनारायण सैनी भोरेलाल सैनी, कजोड़ सैनी, अशोक सैनी ,महेंद्र सैनी आढ़तीया, सुखलाल, दीपचंद सैनी हजारीलाल सैनी, रघुवीर सैनी, कैलाश सैनी, जितेंद्र खुराडिया, बाबूलाल सैनी, ओम प्रकाश सैनी प्रधान, रघुवीर सैनी पीनान, बोदन लाल सैनी, मोहनलाल सैनी, जगदीश सैनी आर्यभट्ट,धन्ना लाल, टेकचंद सैनी, दीपक सैनी, सहित समाज के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## अलवर मार्बल डीलर्स एसोसिएशन ने सर्जिकल स्ट्राइक पर मनाई खुशी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर सफल सर्जिकल स्ट्राइक कर सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराने की खबर से अलवर के मार्बल व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अलवर मार्बल डीलर्स एसोसिएशन (रजि.) के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने 200 फीट बाईपास रोड पर आतिशबाजी कर और लड्डू वितरित कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के संरक्षक राकेश गुप्ता, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद गोयल और अन्य सदस्य



अभय सिंह यादव, शंभू सिंह जादौन, रविंद्र बिंदल, राजेंद्र जैन, नितिन जैन, राशिद खान, राम डाटा, जयदेव चौधरी, हरिनंदन सिंह, बिजेंदर महावर और महेंद्र पारीक उपस्थित रहे।

## 12वा स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम किया आयोजित

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर के स्थाई प्रकल्प 7 का साथ के अन्तर्गत रोटरी सत्र 2024-25 का 12वां स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम रोटरी ब्लड सेंटर में आयोजित किया गया। रक्तदान कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन विकास के. गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुल 14 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। कार्यक्रम में नीरज अग्रवाल, सत्येंद्र सैनी, गोपेश कुमार सिंह, हर्षिता शर्मा, दिलीप शर्मा, उदित मोदी, अभिषेक के साथ रोटरी क्लब से हर्ष गुप्ता, अशोक कुमार, दीपक गुप्ता और रोटरी क्लब शालीमार से नितिन शर्मा, कपिल गुप्ता, पंकज तनेजा, अजय शर्मा ने रक्तदान किया। सभी सम्माननीय रक्तदाताओं को क्लब अध्यक्ष दीपक कट्टा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने में सहयोग करने के लिये सभी रक्तदाताओं, उपस्थित रोटेरियन हर्ष गुप्ता, प्रवीण खंडेलवाल, अशोक कुमार एवं ब्लड सेंटर के स्टाफ का सहयोग रहा। यह जानकारी अध्यक्ष दीपक कट्टा रोटरी क्लब अलवर ने दी।

## ऑपरेशन अभ्यास' के तहत डी-मार्ट मॉल में मॉक ड्रील का हुआ आयोजन

### हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा गया

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत हवाई हमले के दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अरावली विहार थाने के पास स्थित 'डी-मार्ट मॉल' में मॉक ड्रील कर पूर्वाभ्यास किया गया। इंसीडेंट कमांडर एवं उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय कर मॉक ड्रील की गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रील की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।





### मॉक ड्रील में अंतर विभागीय समन्वय से नागरिकों को किया जागरूक

जिला कलक्टर ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रील के तहत अपराह्न 3.55 बजे नियंत्रण कक्ष से डी-मार्ट मॉल में हवाई हमले की सूचना प्रसारित कराई गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को हवाई हमले के संबंध में सूचित किया गया। सूचना मिलते ही तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा दल, अग्निशमन, एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, नगर निगमकर्मी, एसडीआरएफ दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान तुरन्त प्रारम्भ किया।

मॉक ड्रील के दौरान डी-मार्ट परिसर को खाली कराने व वहां लगी आग को बुझाने की त्वरित कार्यवाही कर संबंधित दलों द्वारा वहां पर मिले 15 घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु चिकित्साल में एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाने की कार्यवाही की गई। साथ ही परिसर को सेनेटाइज करने, राहत व बचाव कार्य करने तथा रेस्पॉन्स टाइम पर उपकरण सही तरीके से करें आदि तैयारियों समीक्षा की गई।

उन्होंने बताया कि हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया गया।

इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डीएसओ विनोद जुनेजा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, डीटीओ सुरेश यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन कब्जा मुक्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया है। न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आने के बाद नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा यह कार्यवाही की गई है। कॉनफैड की प्रशासक एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि राजापार्क के पंचवटी सर्किल स्थित राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के भूखण्ड पर विगत कई वर्षों से कब्जा था तथा इस सम्बन्ध में वाद न्यायालय में विचाराधीन था। कुछ माह पूर्व हुई कॉनफैड की 39वीं वार्षिक आम सभा में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कर निस्तारण करवाने तथा कब्जा हटवाने का निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि कॉनफैड द्वारा प्रकरण की प्रभावी पैरवी करवाने के फलस्वरूप माननीय न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आया, जिसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया। जयपुर शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित इस जमीन का उपयोग अब कॉनफैड द्वारा किया जा सकेगा।

## प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा आपको राष्ट्र की सेवा करने का अवसर देता है। प्रशासनिक अधिकारियों को मेहनतए सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा.2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की। पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संवाद के दौरान उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपनी ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। जनसाधारण के जीवन को अधिक सहज और समृद्ध बनाने के लिए उन्हें निरंतर नई संभावनाओं और नवाचारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। पंत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी अवलोकन क्षमता से प्रशासनिक दक्षता प्राप्त करें, अभी आप जो सीखते हैं वह जीवन भर आपके काम आता है। उन्होंने आमजन की सेवा के लिए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको प्रदेश के विकास में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया हैए इसे ईमानदारी और प्रतिबद्धता से सिद्ध करें। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, एच.सी.एम. रीपा, शैली किशनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना 2024-25- 'मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी 11 मई तक कोचिंग संस्थानों में दें उपस्थिति'

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 11 मई, 2025 तक अपनी उपस्थिति कोचिंग संस्थानों में देनी होगी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बचनेश अग्रवाल ने बताया कि योजनान्तर्गत सत्र चयनित अभ्यर्थी की कोचिंग संस्थान के प्रदर्शित कोचिंग सेन्टर पर अपनी सुविधानुसार कोचिंग संस्थान में 11 मई 2025 तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। अग्रवाल ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निःशुल्क कोचिंग किये जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी कर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता एवं उनके आवेदन में अपलोड किये गये दस्तावेजों के सत्यापन/जांच के बाद जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किये गये आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की मुख्य मेरिट सूची जारी की जा चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि जारी की गई मुख्य मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट www-sje-rajasthan-gov-in पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार मुख्य मेरिट सूची जारी होने के उपरान्त अभ्यर्थियों को 10 दिवस के भीतर कोचिंग संस्थान में उपस्थिति दिए जाने का प्रावधान है।

## केवल पुस्तकों से नहीं सभी स्रोतों से ज्ञान अर्जित करें- शर्मा



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** टैगोर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय थोई में रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती महेश वर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम रविंद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात प्रधानाध्यापक शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि टैगोर का जीवन से हमें सीखाता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों का अध्ययन नहीं है बल्कि सभी स्रोतों से ज्ञान प्राप्त करना है। जीवित प्राणियों के प्रति प्रेम और सहानुभूति रखने के लिए भी उन्होंने प्रोत्साहित किया है। स्वतंत्रता और आत्म अभिव्यक्ति, सामाजिक सुधार, अन्याय और असमानता,।सभी संस्कृतियों और धर्म का सम्मान करते हुए व्यक्ति सभी को मानव विकास से जुड़े रहना चाहिए और अपने रास्ते पर अकेले चलने की हिम्मत रखनी चाहिए। इस दौरान सौरभ शर्मा, मोहक शर्मा, सुभाष चन्द जाट, रामावतार सैनी सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जयपुर में 'ऑपरेशन अभ्यास' मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

### प्रशासन, पुलिस व एजेंसियों ने दिखाई त्वरित प्रतिक्रिया और बेहतर समन्वय





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को जयपुर जिले में 'ऑपरेशन अभ्यास' (मॉक ड्रिल) का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की तैयारियों को परखना था। मॉक ड्रिल का मुख्य आयोजन एमआई रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय परिसर में किया गया, जहां एयर स्ट्राइक की सूचना मिलने के बाद सायं 4 बजे सायरन बजाया गया। सायरन बजते ही जिला प्रशासन, पुलिस, नागरिक सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड सहित अन्य एजेंसियां सक्रिय हो गईं। महज पांच मिनट में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी मौके पर पहुंचे और स्वयं पूरे अभ्यास की मॉनिटरिंग की। संभागीय आयुक्त पूनम और पुलिस आयुक्तबीजू जॉर्ज जोसेफ ने भी स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मॉक ड्रिल के दौरान बीएसएनएल भवन को खाली कराया गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और नागरिक सुरक्षा बल ने फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। चिकित्सा विभाग की टीम ने घायलों को त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान कर उन्हें एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। ईआरटी, एसडीआरएफ और एटीएस की टीमें मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर की तलाशी कर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। इस पूरे अभियान में जिला प्रशासन और सभी सहयोगी एजेंसियों ने शानदार समन्वय और तत्परता का प्रदर्शन किया। जिले के सभी उपखंडों में भी इसी प्रकार की मॉक ड्रिल आयोजित की गईं, जहां स्थानीय प्रशासन ने अपनी तैयारियों को परखा। जिला कलक्टर डॉ. सोनी के निर्देश पर 'सक्षम जयपुर अभियान' के तहत जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में आत्मरक्षा, प्राथमिक उपचार और बचाव की तकनीकें सिखाई गईं। यह मॉक ड्रिल न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि जयपुर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## राज्यपाल ने बीआरओ की 50 सामरिक परियोजनाओं के ऑनलाइन लोकार्पण में ली सहभागिता




### ऑपरेशन सिंदूर में सेना के साहस को किया नमन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सीमा सड़क संगठन के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को 1,900 करोड़ रुपए की लागत से तैयार देश की 50 सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण किया। राजस्थान के दो परियोजनाएं भी इनमें सम्मिलित हैं। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजभवन, जयपुर से ऑनलाइन उपस्थित होकर लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने सीमा सड़क संगठन को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और इन परियोजनाओं को देश की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कें, पुल एवं अन्य आधारभूत संरचनाएं राष्ट्र की सीमाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्यपाल बागडे ने BRO द्वारा विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए अपनी क्षमताओं को निरंतर विस्तार देने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से रक्षा बलों की त्वरित आवाजाही, संसाधनों की आपूर्ति और सामरिक तैयारियों को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा किए गए साहसिक और संयमित सैन्य अभियान की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेना ने नागरिक इलाकों को क्षति पहुंचाए बिना आतंकियों के मंसूबों को विफल किया है। यह राष्ट्र की सुरक्षा में तत्परता, सटीकता और बलिदान का प्रतीक है। राज्यपाल ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए किया गया प्रत्येक प्रयास राष्ट्र के गौरव को बढ़ाता है।

चूरू में एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल

## होटल पर हमले की काल्पनिक स्थिति में विभागों ने परखी तैयारियां



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जयपुर रोड स्थित होटल ग्रांड शेखावाटी, चूरू में बुधवार शाम एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कंट्रोल रूम से शाम 4 बजे एक काल्पनिक एयर स्ट्राइक की सूचना दी गई। इस हमले में 35 लोगों की मौत और 26 लोगों के घायल होने की परिकल्पना की गई। सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर और एसपी सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद एसडीएम, तहसीलदार और एएसपी भी मौके पर आ गए। दमकल की गाड़ियां 4.10 बजे पहुंचीं। पहली एम्बुलेंस 4.14 बजे और 4.19 बजे तक सभी एम्बुलेंस मेडिकल टीम के साथ मौजूद रही। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने स्वयं घायलों की मदद की। अस्पताल में चार टीमें बनाई गईं। इनमें डॉ. आरिफ, डॉ. अजीत गढ़वाल और डॉ. संदीप कुल्हरी शामिल रहे। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीमें भी तैनात की गईं।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि यह ड्रिल सरकार के निर्देश पर की गई। उन्होंने डीबी अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक, ट्रॉमा सेंटर और आईसीयू वार्ड की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अस्पताल की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सुप्रीटेंडेंट डॉ. दीपक चौधरी और उपाधीक्षक डॉ. इदरीश खान के पास थी।

शादी की सालगिरह को बनाया यादगार

## पत्रकार राजकुमार देवाल ने परिवार व मां के साथ लगाए पक्षियों के लिए परिंडे

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)।** आज के समय में जहां शादी की सालगिरहों को पार्टी और भव्य आयोजनों के साथ मनाने का चलन है, वहीं फुलेरा के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार देवाल ने अपनी 21 वीं शादी की सालगिरह को एक सामाजिक और पर्यावरणीय सेवा के रूप में मनाकर एक मिसाल पेश की। राजकुमार देवाल ने इस अवसर पर अपने परिवार और पूज्य मां के साथ मिलकर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। गर्मी के इस भीषण मौसम में जब तापमान चरम पर है और पानी की कमी सबसे अधिक महसूस होती है, ऐसे में पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से किया गया यह कार्य लोगों को गहराई से सोचने पर मजबूर करता है। उन्होंने कहा, "हर खास दिन को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के लिए भी खास बनाना चाहिए।"परिंडे लगाने की इस पहल में न सिर्फ उनका परिवार बल्कि उनकी मां भी शामिल रहीं, जो इस कार्य की आत्मा रहीं। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य की भरपूर सराहना की और कई युवाओं ने भी आगे आकर इसी तरह पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का संकल्प लिया। देवाल की यह पहल न केवल पर्यावरणीय चेतना का उदाहरण है, बल्कि संस्कार, सेवा और संवेदनशीलता का भी प्रतीक है।

## एयर स्ट्राइक पर बीजेपी नेता बोले- सिंदूर का बदला सिंदूर

**जयपुर (कासं.)।**पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद बीजेपी और कांग्रेस नेताओं ने एक सुर में भारतीय सेना की तारीफ की है। कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ सरकार और सेना की हर कार्रवाई में साथ होने की बात दोहराई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और सरकार के मंत्रियों ने एयर स्ट्राइक के बाद सेना की सराहना करते हुए आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने की पैरवी की है। सीएम भजनलाल शर्मा से लेकर सरकार के मंत्रियों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट करके प्रतिक्रिया दी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर का लोगो शेयर करते हुए संस्कृत श्लोक लिखा। सीएम ने लिखा- शौर्यं तेजः संयमश्च, यत्र भारतसैनिका। विजयं तेषु नित्यं स्यात्, जयतु भारतमाता॥" भारत माता की जय। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदू ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंक पर कड़ा प्रहार किया है। कांग्रेस पार्टी और पूरा भारत इस कार्रवाई का स्वागत करता है और पूरी मजबूती से भारतीय सेना और भारत सरकार के साथ हम मजबूती से खड़े हैं। जब से पहलगाम की घटना हुई तब से पूरे देश में माहौल बना था उसके बाद यह होना ही था। राहुल गांधी और सभी विपक्ष के नेताओं ने सरकार से कहा था कि वो एक्शन ले, हम साथ हैं। इसके बाद से सब एकजुट हैं। पूरा देश जब एकजुट होता है तो आधी जीत हो जाती है।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता सिंह पत्नी श्री रामश्रे प्रसाद के स्वामित्व का प्लॉट नंबर 67/ 202 सेक्टर 67 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर पिन कोड नंबर 30 20 29 राजस्थान में स्थित है उक्त संपत्ति का राजस्थान आवासन मंडल प्रताप नगर सांगानेर जयपुर द्वारा जारी मूल अलॉटमेंट लेटर नंबर 4746 दिनांक 14 जून 1994 कहीं खो गया है जिसकी गुमशुद्दि की रिपोर्ट थाने में करवाई जा चुकी है किसी भी व्यक्ति को मिले तो सूचित करें उच्च संपत्ति को रहना रखकर ऋण हेतु यूको बैंक से लोन प्राप्ति के लिए आवेदन किया गया है यदि किसी व्यक्ति विशेष को आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत करें, वाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी

**हरिशंकर शर्मा एडवोकेट**
**मोबाइल नंबर 9414052044**

दलहन आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक पहल

# ICAR महानिदेशक डॉ. एम एल जाट का राजस्थान में प्रथम स्वागत

### खरीफ दलहन वार्षिक समूह बैठक का शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में खरीफ दलहन वार्षिक समूह बैठक 2025 का भव्य शुभारंभ राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर में हुआ। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 7 से 9 मई तक आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर के दलहन वैज्ञानिक, नीति-निर्माता, विशेषज्ञ एवं विभागीय अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में खरीफ मौसम की प्रमुख दलहनी फसलों - मूंग, उड़द, ग्वार, मोठ आदि - पर अनुसंधान, उत्पादन, विपणन, प्रसंस्करण एवं नीति संबंधी विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श हो रहा है। इस अवसर पर ICAR के नव नियुक्त महानिदेशक डॉ. एम एल जाट का यह राजस्थान में प्रथम आधिकारिक आगमन रहा, जिनका आत्मीय स्वागत श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से किया। डॉ. सिंह ने अपने सारगर्भित स्वागत भाषण में ICAR के नए महानिदेशक का राजस्थान में प्रथम बार आगमन होने पर इसे "राज्य के कृषि जगत के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय" बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के त्रिवेणी समन्वय से किसानों तक नवाचार पहुंचाना है। उन्होंने राजस्थान की विशेष कृषि जलवायु परिस्थितियों में दलहनी फसलों - विशेषकर मूंग, मोठ एवं ग्वार - की महत्ता को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उच्च उत्पादकता वाली किस्में, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के उन्नत पैकेज, और सूखा-प्रतिरोधी तकनीकें राज्य के लाखों किसानों के लिए वरदान साबित हुई हैं। उन्होंने कृषि को पोषण, पर्यावरण और आजीविका सुरक्षा का स्तंभ बताते हुए दलहनी फसलों की बहुआयामी भूमिका पर बल दिया। के महानिदेशक डॉ. एम एल जाट ने अपने प्रेरणादायी उद्घाटन भाषण में कहा,"चुनौतियों में अवसर तलाशना ही श्रेष्ठता की पहचान है।" उन्होंने इस बैठक को "दलहन आत्मनिर्भरता की ओर एक निर्णायक पहल" बताया। उन्होंने वैज्ञानिकों को उपज-अंतर को पाटने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया और कहा कि "हर जिले के लिए स्थान-विशिष्ट, व्यावहारिक और किसानों के लिए सहज तकनीकी समाधान तैयार किए जाने चाहिए।" डॉ. एम एल जाट ने मृदा स्वास्थ्य, खरपतवार नियंत्रण, जैविक उपायों, अंतरवर्तीय फसलों मिश्रित फसलों और माइनर पल्सेज पर शोध को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन और प्रसंस्करण तकनीकों को किसानों की आमदनी से जोड़ने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में कृषि को समग्र विकास की धुरी बनाना है - और दलहन फसलें इस दिशा में सबसे बड़ी ताकत बन सकती हैं। डॉ. डी.के. यादव, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), ने स्थान-विशिष्ट अनुसंधान को गति देने और जैविक विकल्पों - जैव उर्वरक, जैव एजेंट्स - के उपयोग को प्रोत्साहन देने पर बल दिया। डॉ. संजीव गुप्ता, सहायक महानिदेशक (दलहन एवं तिलहन), द्ध्ष्ट्रर ने "दलहनी फसलों की आत्मनिर्भरता की ओर एक धक्का और" नारा देते हुए AICRP नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की बात कही। डॉ. जी.पी. दीक्षित, निदेशक, IIPR कानपुर ने देशभर में हो रहे अनुसंधानों की प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार नई किस्में, उत्पादन तकनीकें और क्षेत्रीय प्रयोग दलहन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।

# सवाल के बदले पैसा - राजस्थान में विधायक के घूस-प्रकरण से उपज रहे सवाल

मई के पहले रविवार की सुबह बांसवाड़ा ज़िले के बागीदौरा के आदिवासी विधायक जयकृष्ण पटेल जब बिस्तर छोड़ा होगा तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि आज वो देश में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इतिहास उन्होंने रचा लेकिन शर्मनाक। पटेल रविवार सुबह ही बीस लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार कर लिये गए। पूरे देश मे यह अब तक का पहला मामला है जिसमें कोई विधायक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार हुआ हो। पटेल पर आरोप है कि उन्होंने करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में स्थित एक सोप स्टोन खान के विषय में पूछने के लिए विधानसभा में तीन सवाल लगाए थे। गौरतलब बात यह है कि यह खनन क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं आता, बल्कि वहां से 600 किलोमीटर दूर है। उनके सवाल अभी विधानसभा में टेबल नहीं हुए हैं। इस बीच विधानसभा में आने वाले सवालों से घबराए खान मालिक रवींद्र मीणा ने विधायक से मिलकर सवाल वापस लेने की गुहार लगाई। आरोप है कि सवाल वापस लेने के बदले में विधायक पटेल ने दस करोड़ रुपए मांगे, लेकिन बाद में बात ढाई करोड़ पर तय हुई। रविवार को पटेल अपने सरकारी फ्लैट वाली इमारत के बेसमेंट में कार में बैठकर घूस की पहली क़िस्त के बीस लाख रुपए के नोट गिन रहे थे कि पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारी वहां पहुंच गए और उनको पकड़ लिया। धुलवाने पर उनके हाथ सचमुच रंग गए। हकबकाए-से पटेल को अहसास नहीं था कि खान मालिक मीणा ने इस बात की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) को दे दी थी और वो पिछले एक महीने से एसीबी के राडार पर थे और उनकी हर गतिविधि, हर बात रिकॉर्ड हो रही थी।

देश के संसदीय-विधायी इतिहास में यह तीसरा मामला है जब कोई जनप्रतिनिधि 'सदन में सवाल' के संदर्भ में पकड़ में आया हो। इससे पहले 2005 में बहुचर्चित 'क्वेरी फ़ॉर कैश' (सवाल के बदले पैसा) प्रकरण में 11 सांसद चर्चा में आए थे। विभिन्न दलों के इन सांसदों में 10 लोकसभा के और एक राज्यसभा के थे। दूसरा मामला वर्ष 2024 में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा का था। इन सभी सांसदों पर सवाल का सौदा करने यानी 'सवाल पूछने के बदले पैसा'(क्वेरी फ़ॉर कैश) लेने का मामला था, जबकि विधायक पटेल के ख़िलाफ़ मामला 'सवाल वापस लेने के लिए' पैसा लेने का है।



हरीश शिवनानी

ये तो वो मामले हैं जो देश के संज्ञान में आ गए हैं। बहुत संभव है कि इनसे भी ज़्यादा ऐसे मामले हों जो 'चुपचाप' सुलटा लिये गए हों और प्रतिनिधियों के जन को उनकी कानों-कान ख़बर न हुई हो।

महुआ मोइत्रा का ही मामला लीजिए। मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रियल स्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से घूस लेने का आरोप लगाया गया था। छानबीन के बाद सवाल के बदले पैसा-उपहार लेने के प्रकरण में सीबीआई ने 21 मार्च 2024 को उनके ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया। मामले की जांच-पड़ताल कर लोकपाल ने साफ कहा कि पूरी जानकारी का सावधानी से मूल्यांकन करने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। पूरे मामले की जाँच-पड़ताल के बाद मामला संसद की आचार समिति तक पहुँचा और समिति की सिफारिश पर 8 दिसम्बर 23 को महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। अपने कृत्य पर शर्मिंदा होने की बजाए निष्कासन के बाद महुआ ने सरकार को चुनौती-सी देते हुए कहा था, " मैं 49 साल की हूं और मैं अगले 30 साल तक संसद के अंदर और बाहर सरकार के ख़िलाफ़ "लड़ूंगी।" महुआ ने छह महीने से भी कम समय मे यह बात साबित कर दी और 5 जून 24 को वो डंके की चोट पर फिर लोकसभा पहुंच गईं, वो भी पहले से ज़्यादा वोट लेकर। इसे क्या माना जाए? भ्र्ष्टाचार कौन मिटाना चाहता है? जिस क्षेत्र की जन के प्रतिनिधि को देश की संसद ने भ्र्ष्टाचार का आरोप लगाकर निकाला, उसी क्षेत्र के जन ने फिर से, पहले से ज़्यादा वोट देकर वापस उसी संसद में भेज दिया।

इसी तरह 2005 के एक मीडिया कम्पनी के स्टिंग ऑपरेशन में 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में शामिल 11 सांसदों में से किसी को भी वीडियो प्रूफ होने के बावजूद जेल भेजना तो दूर, जुर्माने तक की सजा नहीं हुई। इन सांसदों को दिसंबर 2005 में संसद से निष्कासित किया गया था, जो उनकी प्राथमिक सजा थी। 2017 में दिल्ली न्यायालय की विशेष न्यायाधीश किरण बंसल ने इनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए। मुकदमा 12 जनवरी 2018 से शुरू हुआ। हालांकि, 2025 तक यह सबको पता है कि इनमें से भी जनप्रतिनिधि को न तो जेल हुई न कोई जुर्माना लगा, न उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने से रोका गया। ऐसे में किस 'जनप्रतिनिधि' को सदन में 'सवाल पूछने' या 'सवाल वापस लेने' जैसा 'सौदा' करने से पहले किसी बात का भय होगा? जेल जाने या भविष्य में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित होने का डर ? वक़्त की सख़्त ज़रूरत है कि देश में अब जनप्रतिनिधियों के 'अनैतिक आचरण' को पुनर्परिभाषित किया जाए जिसमें 'सवाल पूछने या वापस लेने' के मूल में अंतर्निहित उद्देश्यों का स्पष्ट कारण पूछा जाए और यदि कोई 'अनैतिकता' या 'अनियमितता' (सरल शब्दों में सवालों से जुड़ा कोई सौदा, लेन-देन या 'डील') पाई जाती है तो तो जन से विश्वासघात करने प्रतिनिधि को जेल भेजने से लेकर भविष्य में लड़ने से प्रतिबंधित करने का प्रावधान भी होना चाहिए, तब हर सवाल का ज़वाब मिल जाएगा। तब तक बहुत संभव है, राजस्थान की नई नवेली पार्टी 'भारत आदिवासी पार्टी (भाआप, अंग्रेजी में बाप) के इस विधायक को भी ऐसी ही 'पर्याप्त सजा' मिल जाए और जनजातीय क्षेत्र से आने वाले जयकृष्ण पटेल 'आदिवासी अस्मिता' के कार्ड पर महुआ मोइत्रा की तरह छह महीने बाद पहले से ज़्यादा 'जन' के समर्थन से 'प्रतिनिधि' बनकर लौट आए 'जंगल-जल-ज़मीन' की लड़ाई के लिए! कुछ भी हो सकता है। आर्थर लेवेलिन बाशम ने भारत के बारे में यूं ही तो नहीं कहा था- " द वंडर, दैट वाज़ इंडिया!"

# आगाज अच्छा, बस अंजाम सदियों याद रहे..

पहलगाम हादसा हर किसी को झकझोरने वाला रहा है। आतंकियों द्वारा केवल हिंदुओं को टारगेट करना भारत के प्रत्येक हिन्दू की अस्मिता पर सीधी चोट से कम नहीं था। बांग्लादेश के बाद इस तरह से हिंदुओं को निशाना बनाना हर किसी को अखर रहा था। सरकार से भी पहले ही दिन से इस पर कड़ा एक्शन लेने की मांग लगातार उठाई गई। देशभर में प्रदर्शन भी हुए। सत्ता का गलियारा भी एकजुट दिखा। केंद्र सरकार भी इस मामले में शुरुआत से ही अपने रुख को स्पष्ट किए हुए थी। मंगलवार रात को आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त करने की कार्रवाई ने गुस्साए कलेजों को ठंडक देने का काम किया है। जवाबी कार्रवाई का आगाज अच्छा हुआ है, उम्मीद है अंजाम भी उम्मीदों से परे होगा। कुछ ऐसा हो कि सदियां याद रखें।

भारत शुरूआत से ही शांतिप्रिय देश रहा है। प्राचीन काल से ही अहिंसा परमो धर्म को ध्येय वाक्य मानने वाले भारत को अहिंसा का पुजारी भी कहा जाता है। अहिंसा को हमने अपने जीवन में महत्वपूर्ण मूल्य के रूप में स्वीकार किया हुआ है। इतिहास गवाह है कि बल शक्ति ने सदैव अपने बल का दुरुपयोग कर अनैतिकता का बढ़ावा दिया है। पर भारत ने कभी भी किसी को दबाने या उस पर कब्जा करने की नीति नहीं रखी। प्राचीन भारत से आधुनिक भारत तक जब-जब भारत की अखंडता को प्रभावित करने का प्रयास किया है, भारत ने सदैव वसुधैवकुटुम्भकम् को आत्मसात करते हुए प्रत्येक मामले को शांति और सौहार्द के साथ निपटाने का प्रयास किया है। कहा भी जाता है कि महान व्यक्ति और धार्मिक परंपराएं सदा अहिंसा का पालन करते हैं। हां कई बार अहिंसा को कुछ लोग अलग



सुशील कुमार 'नवीन '

अर्थ निकाल कर भारत को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं। उनको जवाब ऐसे ही देना जरूरी हो जाता है।

अहिंसा का सीधा सा भाव है दूसरों को शारीरिक या मानसिक नुकसान न पहुंचाना। हिन्दू धर्म में अहिंसा को जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा माना गया है। हम तो सुबह उठते ही सबसे पहले प्रार्थना करते हैं कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो। हर धार्मिक कार्यक्रम, स्कूल प्रार्थना समय इसे दोहराकर अपने मन को संबल प्रदान करते हैं। हम अपने कल्याण की बात न कर विश्व के कल्याण की बात कर अपनी प्राचीन संस्कृति की अवधारणा को सबके सामने प्रस्तुत करते हैं। पर कई बार हमारी इसी भावना को कुछ लोग हमारी कमजोरी समझ लेते हैं। उनके लिए हम अहिंसक न होकर हिंसा से घबराने वाले दब्बू किस्म के व्यक्तित्व हो जाते हैं। उन्हीं के लिए अहिंसा परमो धम श्लोक के अगले हिस्से को याद कराना पड़ता है। इस पूरे श्लोक को फिर हमें इस तरह से दोहराना पड़ता है कि

अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव च
धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

अर्थ है कि अहिंसा परम धर्म है, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए हिंसा भी उचित है। जो धर्म का नाश करता है, धर्म उसका नाश करता है, और जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है।

पुराने समय से ही राजा का पहला और सबसे महत्वपूर्ण धर्म प्रजा की सुरक्षा और संरक्षण माना गया है। इसके तहत राजा को प्रजा के लिए आंतरिक कुचेष्टाओं के साथ-साथ किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि जिससे देश की अस्मिता को नुकसान पहुंचे, उससे खुले रूप में निर्भीक होकर अस्त्र और शस्त्र से मुकाबला करें। युद्ध की नैतिकता पर भी चर्चाएं लगातार हुई है। वैदिक ग्रंथों और पौराणिक कथाओं में युद्ध के सिद्धांतों के बारे में बहुत कुछ लिखा गया हैह्न परिस्थितियों को ध्यान में रखकर उचित युद्ध को आवश्यक माना गया है। ऐसा नहीं है कि हम अगले को अवसर नहीं देते। सनातन संस्कृति अहिंसा और संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रमुखता देती है। सशस्त्र बल का सहारा लेने से पहले शांतिपूर्ण समाधान हमारी प्राचीन सोच रही है। लेकिन इसे कोई कमजोरी समझे, यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम है। रावण को खूब समझाया कि वो अपनी भूल स्वीकार कर शरण में आ जाए। नहीं माना तो उसके साथ जो हुआ, उससे हम सब परिचित हैं। कौरव अधर्म पर अड़े रहे तो स्वयं विष्णु अवतार

# बंदूकों की गोली का उत्तर सद्भाव नहीं होता !

कवि हरिओम पंवार ने अपनी एक कविता में क्या खूब कहा है कि-'...नागफनी पर बेला चंपा कभी नहीं खिलने वाले।पत्थर की आंखों में आंसू कभी नहीं मिलने वाले।। बंदूकों की गोली का उत्तर सद्भाव नहीं होता। हत्यारों के लिए अहिंसा का प्रस्ताव नहीं होता।।कोई विषधर कभी शांति के बीज नहीं बो सकता है?। और भेड़िया शाकाहारी कभी नहीं हो सकता है।।'पंवार जी यह कविता पाकिस्तान पर बिलकुल सटीक बैठती है, क्यों कि पाकिस्तान वह नागफनी(आतंकवाद) है, जिसको बार-बार समझाने पर भी उसमें कोई बदलाव नहीं आता है। हाल ही में भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर उसे यह संदेश देने का काम किया है कि 'हत्यारों के लिए अहिंसा का कोई प्रस्ताव नहीं होता है।' पाठकों को बताता चलूं कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के मात्र दो सप्ताह के भीतर भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, हम सभी को भारत की इस सख्त कार्रवाई पर गर्व है।पाठक जानते हैं कि ये हमले मंगलवार- बुधवार की दरम्यानी रात(6-7 मई 2025) को बहावलपुर, मुरीदके, बाघ, कोटली और मुजफ्फराबाद में किए गए। पहले भारत की पाकिस्तान पर वाटर स्ट्राइक, बाद में वीजा रद्द और अब 'ऑपरेशन सिंदूर', यह सब दर्शाता है कि भारत किसी भी हाल और परिस्थितियों में आतंकवाद और आतंकियों को नेस्तनाबूत करके छोड़ेगा। भारत की आतंकवाद के प्रति नीति हमेशा हमेशा से 'जीरो टोलरेंस' यानी कि 'शून्य सहनशीलता' की रही है। पाठक जानते होंगे कि बैसरन घाटी जिसे 'मिनी स्विटज़रलैंड' के नाम से भी जाना जाता है, 22 अप्रैल, 2025 की दोपहर को अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठी थी और इस दौरान कुछ आतंकियों ने मिलकर घाटी की खूबसूरती को पर्यटकों के खून से रंग दिया था। इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जहां 26 लोगों की मौत हो गई थी वहीं, 16 लोग घायल भी हुए थे। भारत ने इसी का बदला लेते हुए आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया है और अब पाकिस्तान भारत की इस कार्रवाई के बाद तिलमिला रहा है। भारतीय सेना ने रात करीब दो बजे 'ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर(पीओके) में आतंकी ठिकानों को



सुनील कुमार महला

फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

निशाना बनाया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की कसम खाई थी और उन्होंने यह बात कही थी कि उनका 'दुनिया के अंत तक' पीछा किया जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 29 अप्रैल, 2025 को सुरक्षा समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों को 'ऑपरेशनल फ्रीडम' प्रदान करते हुए यह बात कही थी कि 'थल सेना, नौसेना और वायुसेना को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं होगी। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है और सेनाएं इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए स्वतंत्र हैं।'

बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय सेना ने एक पोस्ट में लिखा थाः 'प्रहाराय स्नहिताः, जब प्रशिक्षिताः।' यानी कि 'हमला करने के लिए तैयार, जीतने के लिए प्रशिक्षित।' यहां यह उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राइक के बाद सीमा पार अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को टारगेट नहीं किया गया। वास्तव में इस संदर्भ में भारतीय सेना ने संयम का परिचय दिया।वास्तव में भारत इस कार्रवाई का असल मकसद आंतक को खत्म करना है, न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बचाना। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट'(टीआरएफ) ने ली थी और भारत की एयर स्ट्राइक से लश्कर का मुख्यालय मिट्टी में मिल गया, तथा जैश के ठिकाने तबाह हो गए। दरअसल, भारतीय वायुसेना के हमलों में जैश-ए-मोहम्मद के 4, लश्कर-ए-तैयबा के 3 और हिज्बुल मुजाहिदीन के 2 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के बहावलपुर से लेकर पीओके के कोटली तक आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए हैं।सच तो यह है कि भारत ने अपने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए पाकिस्तान के 100 किलोमीटर के दायरे में आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया। वास्तव में सबसे बड़ा हमला बहावलपुर में किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किमी अंदर स्थित है और यहां पर जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है।सांबा सेक्टर की सीमा से 30 किमी अंदर मुरीदके में भी लश्कर-ए-तैयबा का कैंप था,उसे भी भारतीय सेना द्वारा जमीन में मिला दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि तीसरा हमला गुलपुर में किया गया।पीओके के तंगधार सेक्टर में 30 किमी के अंदर सवाई जहां लश्कर का कैंप था, उसे भी निशाना बनाया गया है।यह कैंप 20 अक्टूबर 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 2024 को गुलमर्ग और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार है। भारतीय सेना ने बिलाल कैंप( जैश-ए-मोहम्मद का लॉन्चपैड), लश्कर कोटली कैंप (लश्कर का बमबारी प्रशिक्षण केंद्र),बरनाला और सरजाल कैंप(जैश का कैंप) और महमूना कैंप (हिज्बुल मुजाहिदीन का ट्रेनिंग सेंटर) को निशाना बनाया और आतंकियों और पाकिस्तान को 'छठी का दूध' याद दिला दिया। पाकिस्तान को यह याद रखना चाहिए कि भारत ने अपनी एयर स्ट्राइक आतंकवाद और आतंकियों पर की है और भारत का मकसद हमेशा-हमेशा से शांति, सद्भाव, अहिंसा, भाईचारे और इंसानियत के पाठ पढ़ाने का रहा है, (युद्ध का कभी नहीं), ताकि आने वाली नस्लों को जीने के लिए एक बेहतर जगह मिल सके।अंत में बशीर बद्र जी के शब्दों में पाकिस्तान को यही कहूंगा कि- 'सात संदूक़ों में भर कर दफ़्न कर दो नफ़रतें? ।आज इंसाँ को मोहब्बत की ज़रूरत है बहुत।।'

# सैनिकों का सम्मानः समर्पण और बलिदान की पहचान"

हमारे देश के सैनिक, जो सीमाओं पर अपने प्राणों की आहुति देकर हमारी रक्षा करते हैं, केवल वर्दी का बोझ नहीं उठाते, बल्कि वे हमारे चैन और स्वतंत्रता की सुरक्षा का भी भार संभालते हैं। ऐसे वीरों का सम्मान हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय चरित्र का मूल आधार होना चाहिए।

### सैनिकों का बलिदानः एक अविस्मरणीय सेवा

सीमाओं पर खड़े सैनिक केवल गोलीबारी और बर्फीली तूफानों का सामना नहीं करते, वे उन अदृश्य दुश्मनों से भी लड़ते हैं, जो हमारे चैन और सुरक्षा के पीछे छिपे हैं। वे अपनी जान जोखिम में डालकर आतंकवाद, घुसपैठ और प्राकृतिक आपदाओं से हमें सुरक्षित रखते हैं। इनका जीवन एक स्थायी संघर्ष है - न दिन का पता, न रात का चैन।

कल्पना कीजिए, जब हम त्योहारों पर अपनों के बीच हँसते-गाते होते हैं, तब वे बर्फ से ढके पहाड़ों पर, तपती रेत में या समुद्र की उफनती लहरों से जूझते हैं। वे अपनी जान हथेली पर रखकर देश की अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं।

### यात्रा में सैनिकों का सम्मान

अगर किसी ट्रेन में बिना रिजर्वेशन के खड़े सैनिक नजर आएं, तो अपने सीट का छोटा सा त्याग कर उन्हें बैठने का सम्मान दें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि उनके साहस और बलिदान की कद्र है। वे वे लोग हैं जो सीमा पर खड़े रहकर हमें चैन की नींद सुलाते हैं। यह छोटी सी पहल उनके साहस का सम्मान है।

### सड़क पर दिखें तो मदद करें

अगर सड़क पर सैनिक अपने गंतव्य की ओर जाते दिखें, तो अपने वाहन में उन्हें अगले मुकाम तक छोड़ने में संकोच न करें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

### रहने और खाने की सुविधा

होटलों, ढाबों और रेस्तरां में अगर कोई सैनिक ठहरने आए तो उसे निशुल्क रहने और खाने की सुविधा दी जानी चाहिए। यह एक छोटा सा योगदान है, लेकिन इसके माध्यम से हम अपने सैनिकों को यह महसूस करवा सकते हैं कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उनके लिए हर दरवाजा खुला रहे, हर रास्ता आसान हो।

### सैनिकों के परिवारों का सम्मान

सैनिकों के परिवार भी इसी सम्मान के हकदार

*हमारे सैनिक, जो सीमाओं पर अपने प्राणों की बाजी लगाते हैं, हमारे असली नायक हैं। युद्ध की आशंका में लौटते सैनिकों को ट्रेन में सीट दें, सड़क पर मिलें तो अपने वाहन से आगे छोड़ें, और होटलों में निशुल्क ठहरने की सुविधा दें। उनका सम्मान हमारा कर्तव्य है, न कि महज़ औपचारिकता। जहाँ भी मिले, सलाम करें - देश में इनसे बढ़कर कुछ नहीं। देवताओं के लिए भंडारे लगाते हो तो इन सैनिकों को भी माँ जैसा सम्मान दो। कहना कि ये तो सरकारी तनख्वाह लेते हैं, एक अपराध है। तनख्वाह सभी कर्मचारी लेते हैं, लेकिन ये अपने जीवन की बाजी लगाते हैं, अपने घर-परिवार से दूर रहते हैं, और हमारी सुरक्षा के लिए हर कठिनाई सहते हैं। आइए, इस परंपरा को मजबूत करें और सैनिकों का मान बढ़ाएं। जय हिंद!*

*-डॉ. सत्यवान सौरभ*

हैं, जो अपनों को सीमाओं पर भेजकर राष्ट्र सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दे रहे हैं। उनका सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है जितना सैनिकों का। ये परिवार भी अपनी कठिनाइयों को सहते हुए अपने सैनिकों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देते हैं।

### सैनिकों के सम्मान की नई परंपरा

हमारे समाज में त्योहारों और विशेष अवसरों पर हम देवताओं का पूजन, भंडारे और कीर्तन करते हैं, लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि वे सैनिक, जो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सीमा पर लड़ते हैं, उनके लिए क्या किया? क्या हम उनके लिए भी एक नई परंपरा की शुरुआत नहीं कर सकते? जैसे हर शहर, हर गाँव में सैनिकों के सम्मान में छोटे-बड़े समारोह हों, स्कूलों और कॉलेजों में 'सैनिक सम्मान दिवस' मनाया जाए, जहाँ उनके साहस की कहानियाँ सुनाई जाएँ।

### सरकारी सहायता और नागरिक पहल

सरकार और नागरिक समाज को मिलकर सैनिकों के सम्मान को एक राष्ट्रीय परंपरा बनाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय संगठनों, सामाजिक समूहों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे सैनिकों को विशेष सुविधाएं दें। उदाहरण के लिए, होटलों में उनके ठहरने की व्यवस्था, रेस्तरां में भोजन और परिवहन में रियायतें दी जा सकती हैं।

### एक नई परंपरा की शुरुआत

आइए, हम एक नई परंपरा की शुरुआत करें, जहां हर सैनिक को उसकी बहादुरी और त्याग के लिए सर्वोच्च सम्मान दिया जाए। यह न केवल हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक होगा, बल्कि हमारे समाज की एक सकारात्मक छवि भी प्रस्तुत करेगा।

सैनिकों के प्रति हमारा सम्मान केवल भाषणों और नारों तक सीमित न रहे। यह हमारे व्यवहार और आचरण में झलकना चाहिए। हमारे सैनिक हमारे असली नायक हैं, और उन्हें हर कदम पर सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है।

हमारे सैनिकों का बलिदान और उनके द्वारा किए गए संघर्षों का मूल्यांकन केवल शब्दों से नहीं किया जा सकता। वे हमारे असली नायक हैं, जो बिना किसी शिकायत के अपनी जान की बाजी लगाकर हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं। उनका सम्मान केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कार्यों से उनकी बहादुरी को सम्मानित कर सकते हैं–चाहे वह ट्रेन में एक सीट का त्याग हो, सड़क पर मदद करना हो, या उन्हें निशुल्क सेवाएं प्रदान करना हो।

सिर्फ सैनिकों को ही नहीं, उनके परिवारों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि वे भी अपने प्रियजनों को राष्ट्र सेवा में भेजकर मानसिक और भावनात्मक संघर्ष का सामना करते हैं। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें अपनी आदतों, व्यवहारों और परंपराओं के माध्यम से सम्मानित करें।

देशभर में एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहिए, जहाँ सैनिकों को केवल औपचारिक सम्मान न मिले, बल्कि वे समाज के एक अहम अंग के रूप में सम्मानित हों। यह न केवल उनके साहस का सम्मान होगा, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति को भी मजबूत करेगा।

जय हिंद!

# शाहिद से शादी के बाद दोस्तों से बात नहीं कर पाती थी मीरा?



**हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत कपूर ने अपनी शादी के बाद के जीवन को लेकर बात की। उन्होंने अपने विवाह के शुरुआती दिनों का किया जिक्र।**

मीरा राजपूत कपूर ने अभिनेता शाहिद कपूर से 2015 में शादी की थी, दोनों को एक साथ रहते 10 साल हो चुके हैं। अब मीरा ने अपने विवाह से संबंधित बातें की हैं और अपने अनुभवों को साझा किया है कि कैसे उन्हें कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मीरा राजपूत कपूर ने क्या कहा?

हाल ही में मीरा राजपूत कपूर, नैना भान और साक्षी शिवदासानी के पॉडकास्ट में पहुंची। बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया कि शादी के बाद उनके दोस्तों के साथ कैसे अनुभव रहे। इसके जवाब में मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं और मेरे सभी दोस्त अलग-अलग माहौल में रहे। मैं यह स्वीकार करना चाहूंगी कि यह काफी अलग-थलग करने वाला था क्योंकि हम उस समय सब अपने जीवन के अलग-अलग फेज में थे, क्योंकि मेरी शादी हो चुकी थी। आप अपने दोस्तों को देखते हैं और सोचते हैं काश मैं वह कर पाती जो वह कर रही हैं।'

### दोस्तों से बात नहीं कर पाती थी मीरा

आगे बातचीत में उन्होंने बताया कि किस तरह शादी के बाद उनका जीवन बदल गया था। उन्होंने कहा कि वह यह सोचती थी कि उनके कई दोस्त मास्टर डिग्री करने चले गए और कुछ घूम रहे हैं। आगे मीरा कपूर ने बताया, 'आप शहर बदलते हैं तो कई चीजें बदल जाती हैं। यह सब मुझे याद है कि मैं अपने दोस्तों से उतनी बार बात नहीं कर पाती थी जितना पहले करती थी। वे पूछते थे, क्या हुआ? सिर्फ इसलिए कि तुम चली गई हो और शादी कर ली है, इसका मतलब यह नहीं है कि तुम हमें भूल गई हो। मैं कहती थी, दोस्तों, सच में, मैं बिजी हो गई हूं और उलझी हुई हूं। मुझे नहीं लगता कि तब उन्होंने इसे समझा होगा, लेकिन किस्मत से हमारी दोस्ती बनी रही। वे अब इसे समझते हैं क्योंकि वे भी उसी दौर से गुजर रहे हैं।'

# मैंने कभी भी फ़ैड डाइट या चरमपंथ में विश्वास नहीं किया: कृष्णा श्रॉफ

कृष्णा श्रॉफ ने कहा- फिटनेस का मतलब संतुलन है, ना कि अतिशयता! जब तक आप एक सीमित दायरे में हैं... आप स्वस्थ रहेंगे। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग क्विक फिक्स परिणामों और ड्रामेटिक बदलावों के पीछे भागते हैं, कृष्णा श्रॉफ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति एक संतुलित और टिकाऊ नजरिया अपनाने की वकालत करती हैं। उनका मानना है कि फिटनेस का मतलब



अवास्तविक लक्ष्यों के पीछे भागना नहीं है, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन पाना है। कृष्णा कहती हैं, मैंने कभी फैड डाइट्स या किसी भी तरह की अतिशयता में विश्वास नहीं किया। जब तक आप अपने पोषण, ट्रेनिंग और जीवनशैली में एक निश्चित सीमा के भीतर रहते हैं, तब तक आप एक स्वस्थ ज़ोन में रहते हैं। इस दृष्टिकोण ने न केवल उनकी अपनी सेहत की यात्रा को आकार दिया है, बल्कि उनके फिटनेस ब्रांड के माध्यम से उनके द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले माहौल को भी आकार दिया है। कृष्णा ऐसी जीवनशैली की बात करती हैं जिसमें गहनता से ज्यादा निरंतरता को प्राथमिकता दी जाती है, और शारीरिक लक्ष्यों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी जाती है। उनका संदेश यह स्पष्ट करता है कि स्वास्थ्य का मतलब खुद को भूखा रखना या थका देना नहीं है, बल्कि ऐसे आदतों को अपनाना है जो वास्तविक और दीर्घकालिक हों। इस सोच को और भी असरदार बनाती है उनकी यह आंतरिक समझ कि व्यक्ति अंदर से जैसा महसूस करता है, वही असली मायने रखता है। मैं सच में मानती हूँ कि आप जितना अच्छा महसूस करते हैं, उतने अच्छे आप कभी दिख नहीं सकते। और जितने अच्छे आप दिखते हैं, उतना अच्छा आप हमेशा महसूस नहीं करते, वह आगे कहती हैं। फ़िल्टर्ड परफ़ेक्शन और बाहरी मान्यता से भरी इस युग में, कृष्णा का संदेश एक ऐसी वास्तविकता के साथ सामने आता है जो आपको फिटनेस इंडस्ट्री में शायद ही देखने को मिले!

# हाउसफुल 5 का नया गाना लाल परी रिलीज, हनी सिंह ने मचाया धमाल

बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइजी फिल्म हाउसफुल 5 के फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना लाल परी रिलीज कर दिया है। रिलीज के महज तीन घंटे में ही गाने को 1.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। यह गाना टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। लाल परी गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया है, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया है। इस गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ में आई है। बता दें कि ये दोनों पहले भी कई हिट गाने दे चुके हैं, जिसमें पार्टी ऑल नाइट, कुड़ी चमकीली, बॉस जैसे गाने शामिल हैं। जारी किए जाने के महज तीन घंटों के भीतर ही व्यूज ही नहीं बढ़े बल्कि यूट्यूब की म्यूजिक कैटेगरी में ये चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। रिलीज किए गए गाने में सभी मुख्य कलाकार क्रूज पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं। फिल्म में कॉमेडी का तड़का भरपूर होगा इसकी झलक भी गाना दे जाता है। यो यो हनी सिंह के अंदाज को बखूबी गाना बयां करता है।

## भूमि ने ईशान को कहा कुछ ऐसा, एक्टर बोले-

# 'हां मैं दोषी हूं'



**ईशान** खट्टर जल्द ही भूमि पेडनेकर के साथ नए शो 'द रॉयल्स' में नजर आएंगे। शो के प्रमोशन के दौरान भूमि ने ईशान को ऐसा क्या कह दिया कि एक्टर ने कबूल किया खुद का दोष।

ईशान खट्टर अपने आगामी शो 'द रॉयल्स' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस सीरीज में वो पहली बार अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे। दर्शक भी इस नई जोड़ी को एकसाथ देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। अब ईशान खट्टर ने अपने इस नए शो को लेकर बात की। साथ ही इसमें काम करने के पीछे की वजह का भी जिक्र किया। इस दौरान ईशान खट्टर ने भूमि द्वारा उन्हें 'स्नैकेबल' यानी जो जल्द ही सबमें घुलमिल जाए, बताये जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

जस्ट टू फिल्मी के साथ हालिया बातचीत में ईशान खट्टर ने 'द रॉयल्स' को लेकर बात की। साथ ही भूमि पेडनेकर द्वारा उन्हें स्नैकेबल यानी कि जल्द ही सबमें घुलने-मिलने और दोस्त बनने वाला बताने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। ईशान ने कहा कि भूमि ने जो कहा है मैं उसे स्वीकार करता हूं। हां, मैं ऐसा हूं। दरअसल, भूमि ने इसी बातचीत के दौरान ईशान खट्टर के बारे में बात करते हुए कहा था कि ऐसे शो का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया, जहां मेरे सह-कलाकार इतने स्नैकेबल हैं। मैंने लोगों को अब ईशान के सामने कमजोर होते देखा है। इसी पर ईशान ने कहा कि हां मैं दोषी हूं और ऐसा हूं।

### शो में बहुत कुछ है

इस दौरान ईशान ने अपनी फिटनेस और अपनी बॉडी को अटेंशन मिलने पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेता ने कहा, शो में मेरे शारीरिक बनावट के अलावा भी बहुत कुछ है। अगर मैं सच कहूं तो शो में हर चीज के अलावा भी बहुत कुछ है। हालांकि, इस तरह का ध्यान मेरे लिए लिए नया था और ऐसी प्रशंसा सुनना अच्छा लगता है। कलाकारों को इससे मजा आ रहा है।

### ईशान ने इसलिए द रॉयल्स को कहा हां

ईशान ने आगे यह भी बताया कि उन्होंने 'द रॉयल्स' को हां क्यों बोला। एक्टर ने कहा, 'द रॉयल्सट करने के पीछे असली वजह मेरे द्वारा निभाए गए किरदार की गहराई थी। ग्लैमर और खूबसूरती जैसे सतही पहलू मेरे किरदार का हिस्सा थे और यह सिर्फ दिखावे के लिए नहीं थे। शो में ईशान एक राजकुमार की भूमिका निभा रहे हैं।

### शो में नजर आएगी बड़ी कास्ट

'द रॉयल्स' में ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर के अलावा जीनत अमान, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, विहान समत, काव्या त्रेहान, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी सरीखे कलाकार भी शामिल हैं। प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित यह शो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।



# कृति सेनन की मां चाहती थीं इस उम्र में हो जाए बेटी की शादी



**सोशल** मीडिया पर एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कृति की मां उनकी शादी को लेकर बात कर रही हैं। आइए जानते हैं वह क्या कह रही हैं? इन दिनों अभिनेत्री कृति सेनन चर्चा में हैं। उनकी लव लाइफ को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कृति सेनन और उनकी मां का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सेनन की मां गीता सेनन ने यह माना है कि वह अपनी बेटी की शादी को लेकर चिंता में रहती थीं। गीता चाहती थीं कि कृति सेनन की शादी 23 या 24 साल में हो जाए। कृति सेनन की मां से जब पूछा गया कि क्या आप कृति सेनन की शादी को लेकर चिंतित हैं? तो गीता ने कहा हां, मैं उससे अकसर कहा करती थी कि वह 23 साल की उम्र में शादी कर ले। मैं सोचा करती थी कि मैंने देर में शादी की। देखो जब नूपुर पैदा हुई होगी तो मैं 30 साल के आस-पास रही होंगी। तो मैं सोचती हूं कि 23- 24 साल की उम्र शादी की सही उम्र है। वायरल वीडियो एक फैन पेज का है। हम इस वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं। बहरहाल, अफवाहें हैं कि कृति सेनन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। हालांकि, न तो कृति सेनन ने और न ही कबीर बहिया ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ कहा है। वह अकसर विदेश में छुट्टियां मनाने के लिए जाया करते हैं। इसलिए अफवाहों का बाजार गर्म रहता है। अफवाहें यह भी हैं कि दोनों 2025 में शादी करने वाले हैं। एक खबर में लिखा है कि कृति सेनन के करीबियों ने इस बात से इंकार किया है। इस साल की शुरुआत में इंडिया टुडे ने एक सूत्र के हवाले से बताया था इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और अगले कुछ महीनों के लिए आनंद एल राय की फिल्म की शूटिंग पर पूरी तरह से ध्यान दे रही हैं। जैसे ही यह खत्म हो जाता है, वह सीधे अपने अगले प्रोजेक्ट पर लग जाती हैं- बीच में मुश्किल से ही कोई ब्रेक मिलता है। आपको बता दें कबीर बाहिया वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के संस्थापक हैं। उनके पिता साउथल ट्रैवल, एक प्रमुख यूके-आधारित ट्रैवल एजेंसी के मालिक हैं। इस कंपनी की वजह से कबीर विमानन और यात्रा उद्योग में एक उल्लेखनीय व्यक्ति हैं।

## हकलाहट में डाक्टर को कब सम्पर्क करें

बच्चो की तोतली बोली लोगो को उनकी तरफ आकर्षित करती है, लेकिन उम्र बढ़ने के बाद भी यदि उच्चारण साफ न हो और तुतलाहट या हकलाहट बनी रहे तो उसे एक बीमारी माना जाता है। बोलने में हमारे शरीर की 100 से भी अधिक मांसपेशियां काम करती है। इन सभी में आपसी तालमेल बैठने पर ही हमारे जबान से स्पष्ट उच्चारण निकलता है। अगर किसी भी प्रकार का मानसिक दबाव, डर या हीनता के बोध से बोलने या ध्वनि का उच्चारण बिगड़ जाता है। अगर किसी को पहले कभी हकलाने की समस्या नहीं रही तो 10 साल के बाद उसका हकलाना शुरू करना असामान्य है। कभी-कभी (बहुत कम मामलो में) हकलाना किसी स्ट्रोक या मस्तिष्क में चोट अथवा किसी क्षति के कारण शुरू हो सकता है या किसी प्रकार की दवा के साइड-इफेक्ट के कारण या मानसिक बीमारी के कारण भी हकलाने की समस्या हो सकती है। अगर आपको भी बोलने में समस्या हो तो इसके लिए चिकित्सक से सलाह कर सकते है।



## मोटापा कमजोर कर सकता है बच्चों की हड्डियां

एक नए अध्ययन से पता चला है कि मोटापा बच्चों की मांसपेशियों के साथ ही हड्डियों को भी कमजोर करता है। मोटापे से जुड़ा एक्सट्रा फैट मांसपेशियों में जमा हो जाता है और यही फैट बच्चों की हड्डियों की कम वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। वैज्ञानिको का कहना है कि ऐसे में इन स्थितियों से निपटने के लिए बच्चों को उचित आहार और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से एक स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करना चाहिए।



# रोज स्नान करना आवश्यक क्यों होता है?



हर दिन स्नान करने से आप स्वयं को ताजा और ऊर्जावान महसूस करते हैं। हालांकि, कई बार ऐसा भी होता है कि आप दिन में एक बार भी स्नान नहीं कर पाते हैं, अगर ऐसा है और आपको न नहाने की आदत है तो आपको ज्ञात नहीं कि आप अपने स्वास्थ्य के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। नहाने से शरीर की गंदगी और मृत त्वचा निकल जाती है। आलस्य दूर भाग जाता है और शरीर में ताजगी महसूस होती है। क्या आपने कभी सोचा है इंसान को हफ्ते में कितनी बार नहाना चाहिए कुछ लोग डिओडोरेंट या गीले नैपकिन का इस्तेमाल करते हैं, इससे शरीर साफ हो जाता है लेकिन अंदर से फ्रेशनेस महसूस नहीं होती है। शरीर को साफ बनाएं रखने के लिए सही तरीके से स्नान करने की आवश्यकता होती है।

**दुर्गंध दूर भगाएं:** शरीर से आने वाली गंदी बदबू को प्रतिदिन स्नान से ही दूर भगाया जा सकता है। शरीर में बैक्टीरिया उत्पन्न होते हैं जिससे त्वचा में रासायनिक प्रक्रियाओं के चलते गंदी बदबू आने लगती है। ऐसे में डिओ आदि से बदबू तो दूर भाग जाती है लेकिन वो बैक्टीरिया नहीं मरते है।

**मुहांसे दूर करे:** प्रतिदिन स्नान करने से चेहरे पर कील मुहांसे नहीं होते हैं क्योंकि बैक्टीरिया से होने वाला संक्रमण नहीं हो पाता है। स्वस्थ और साफ त्वचा पाने के लिए प्रतिदिन स्नान करना आवश्यक होता है।

**त्वचा पर बैक्टीरिया को दूर भगाए:** आपको जानकर हैरानी होगी कि हमारी त्वचा पर लगभग 1000 प्रकार के बैक्टीरिया होते हैं जो त्वचा की नमी को छीन लेते हैं और उसे बेजान बना देते हैं। ऐसे में स्नान करने से ये बैक्टीरिया त्वचा पर नहीं रह पाते हैं।



**त्वचा पर पड़ने वाले भूरे धब्बे:** अगर आप नियमित रूप से स्नान नहीं करते हैं तो आपकी त्वचा पर भूरे रंग के चकत्ते पड़ सकते हैं। इस स्थिति को डर्मेटाइटिस नेगलेक्टा कहा जाता है। अगर त्वचा में ये धब्बे पड़ने लगे हैं तो स्पष्ट अर्थ है कि आप अपनी त्वचा के प्रति लापरवाह है।

**त्वचा की स्थिति बदतर होना:** प्रतिदिन स्नान न करने से त्वचा सम्बंधी कई समस्याएं हो सकती हैं। सबसे पहले त्वचा में रुखापन आ सकता है, साथ ही खुजली या संक्रमण भी हो सकता है।

**तैलीय बाल:** अगर आप स्नान प्रतिदिन नहीं करते हैं तो बालों को कब धुलते हैं, शायद महीने में एक बार। ऐसा कदाई न करें। हर दूसरे से तीसरे दिन बालों सहित स्नान करें। इससे बालों में गंदगी जमा नहीं होगी। साथ ही साथ आप गंदे-गंदे से नहीं दिखेंगे।

**सामान्य गंदगी:** स्नान न करने से आपकी बगलों से ऐसी बदबू आएगी कि आपको लगेगा कि सड़ा प्याज बदबू कर रहा है। साथ ही साथ त्वचा भी बहुत गंदी हो जाएगी।

# छींक को क्यों नहीं रोकना चाहिए



छींक शरीर में प्रवेश करने वाले संक्रमण से बचने का एक प्राकृतिक तरीका है। जब हम छींकते हैं तो शरीर में प्रवेश करने का प्रयत्न करने वाले बैक्टीरिया या हानिकारक कण 160 किमी./घंटा की गति से बाहर आ जाते हैं। इस प्रकार छींक आपको गंभीर संक्रमण से बचाती है। लोगों के बीच छींकने से न केवल छींकने वाला व्यक्ति असुविधाजनक महसूस करता है बल्कि उसके आसपास के लोगों को भी इससे तकलीफ होती है। यही कारण है कि जब हम छींकते हैं तो एक्सक्यूज मी कहते हैं। हालांकि क्या कभी आपने सोचा है कि जब आप छींकते हैं तो सामने वाला व्यक्ति गॉड ब्लेस यू क्यों बोलता है। इसका कारण यह है कि यदि हम छींक को रोकते हैं तो हमारी जान भी खतरे में आ सकती है। जी हां, यह सच है। छींक को कभी भी रोकने की कोशिश न करें क्योंकि इससे आपके शरीर के अंगों को नुकसान हो सकता है। छींक रोकने से जो दबाव आता है वह शरीर के अन्य अंगों जैसे कान, ब्रेन, गर्दन, डायफ्राम आदि को अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। छींक को रोकने से होने वाले स्वास्थ्य को होने वाले नुकसानों के बारे में जानने के लिए यह लेख पढ़ें। तो अगली बार जब छींक आए तो उसे रोकने का प्रयत्न न करें।

### छींक को रोकना नुकसान दायक क्यों है?

छींक के कारण नाक से 160 किमी./घंटा की गति से हवा निकलती है। जब आप छींक को रोकते है तो यह दबाव शरीर के अन्य भागों की ओर चला जाता है जिसके कारण ईयरड्रम फट सकता है और आपको सुनाई देना बंद हो सकता है। छींक को रोकने से अन्य कई नुकसान भी हो सकते हैं। छींक शरीर में प्रवेश करने वाले कई हानिकारक बैक्टीरिया को रोकने का काम भी करती है। यदि आप अपनी छींक रोकते हैं तो ये रोगाणु शरीर के अंदर ही रह जाते हैं और बीमारी का कारण बनते हैं।

### छींक रोकने से होने वाले अन्य नुकसान

जब आप अपनी छींक रोकते हैं तो हवा अंदर ही रह जाती है जिसके कारण आंखों को नुकसान हो सकता है क्योंकि बढ़े हुए दबाव के कारण आंखों की रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है तथा आप सुनने की क्षमता भी खो सकते है। इसके कारण गरदन में भी तकलीफ हो सकती है तथा डायफ्राम को भी नुकसान पहुंच सकता है। कुछ मामलों में मस्तिष्क की नस भी फट सकती है।



### हम छींक कब रोकते हैं?

जब हम किसी सार्वजनिक स्थान पर या ऐसे स्थान पर होते हैं जहां छींकना हास्यास्पद हो सकता है वहां हम अपनी छींक को रोकते हैं। छींक को रोकना दिखने में बहुत अच्छा और सभ्य लगता है क्योंकि इससे दूसरों का बचाव होता है। हालांकि यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता। छींक को कभी भी न रोकें क्योंकि इससे जान को खतरा हो सकता है। यदि आपको छींकने में शर्म महसूस हो रही हो तो अपनी नाक पर रुमाल रख ले तथा फिर छींके। आप छींकने का तरीका भी बदल सकते है जैसे बहुत धीमी आवाज में छींके। आप अपने हाथ से भी नाक और मुंह को ढक सकते हैं। इस प्रकार से आप महसूस करेंगे कि आपका छींकने का तरीका अनुचित नहीं है।



# क्यूं नहीं रखने चहिए फ्रिज में अंडे?



रेफ्रीजरेटर में अंडों को रखने के लिए एक अलग स्थान दिया गया है तथा अंडों को साल्मोनेला से बचाने के लिए फ्रिज में रखा जाने लगा। लेकिन आज के वैज्ञानिकों का कहना है कि अंडे फ्रिज में नहीं रखे जाने चाहिए तथा इस नए अध्ययन के पीछे छुपे कारणों को सुनकर आप आश्चर्यचकित हो सकते हैं। हालांकि फ्रिज में रखे गए अंडे ताजा रहते हैं और इनका स्वाद भी बना रहता है। परंतु कुछ अन्य कारण हमें विपरीत दिशा में ले जाते हैं।

### जल्दी खराब होने का डर

पाया गया है कि फ्रिज में रखे गए अंडों की तुलना में रूम टैंपरेचर पर रखे गए अंडे ज्यादा दिनों तक टिकते हैं। इतना ही नहीं, फ्रिज में रखे गए अंडों को जब उबालने के लिए पानी में डाला जाए तो ये तुरंत टूट जाते हैं। यूरोपीय अंडा विपणन नियमों के अनुसार, अंडों को फ्रिज में रखने की व बाद में उन्हें रूम टैंपरेचर पर रखने की प्रक्रिया कंडेनसेशन का कारण बन सकती है। कंडेनसेशन अंडे के छिलके पर मौजूद बैक्टीरिया की गति को बढ़ा सकता है। अतः यह बैक्टीरिया अंडे के भीतर भी प्रवेश कर सकता है। ऐसे अंडों का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### सामान्य तापमान

बेकिंग में रुचि रखने वालों को केक बनाने के लिए फ्रिज में रखे गए अंडों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। चूंकि फ्रिज में रखे गए अंडों को बीट करना थोड़ा मुश्किल होता है जिस वजह से अंडों की सफेदी सही तरीके से व्हाइप नहीं हो पाती। ठंडे अंडे आपके केक को सही रंग प्रदान नहीं कर पाएंगे।

### अंडों को फ्रिज में ना रखें



यदि आप नियमित रूप से अंडों का सेवन करते हैं और खाने में आपको ताजा अंडे पसंद है। इन्हें फ्रिज में रखने की कोई जरूरत नहीं है। सड़े हुए अंडों की ट्रे में साल्मोनेला से संक्रमित कोई भी एक अंडा पूरी ट्रे के अंडों को खराब कर सकता है। ऐसी स्थिति में इन सड़े हुए अंडों को फ्रिज में रखने में समझदारी होगी। फ्रिज का ठंडा तापमान इस बैक्टीरिया का खात्मा करने में मददगार साबित होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात रूम टैंपरेचर पर रखे गए अंडों की जीवन-अवधि 7-10 दिनों तक की है जबकि फ्रिज में रखे गए अंडों की जीवन-अवधि 30-45 दिनों तक की है। यदि आप अंडों से अपनी सेहत बनाना चाहते हैं तो रूम टैंपरेचर वाले अंडों का सेवन करें क्योंकि ये अंडे फ्रिज में रखे गए अंडों की तुलना में ज्यादा ताजे व स्वास्थ्य के लिए हितकारी होते हैं।

## तिल से शुभ-अशुभ का संकेत ही नहीं , मिलती है स्किन की बीमारी भी...

# ब्यूटी के साथ कैंसर का खतरा भी हैं तिल

*शरीर पर तिल को कभी खूबसूरती तो कभी अन्य कारणों से जोड़कर देखा जाता है। इसके कई शुभ-अशुभ लक्षण भी बताए जाते हैं। लेकिन आपको शायद पता नहीं कि बॉडी पर ज्यादा संख्या में तिल होने से कैंसर का खतरा भी हो सकता है। लंदन में हुए एक शोध में यह बात सामने आई है कि यदि शरीर पर तिलों की संख्या बहुत ज्यादा है, तो यह स्किन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।*



### कोशिकाएं हो जाती हैं ज्यादा संवेदनशील

शरीर पर होने वाले तिलों की संख्या और कैंसर का आपस में बड़ा संबंध है। शोध में यह बात सामने आई है कि अगर शरीर पर तिलों की संख्या बहुत ज्यादा है तो इसका मतलब है कि आपकी कोशिकाएं अति संवेदनशील है और यह आपके लिए कैंसर का खतरा पैदा कर सकती हैं।

### हाथों पर तिल बताएंगे कितना बड़ा है खतरा




कैंसर पर किए गए ताजा अध्ययन के अनुसार हाथ पर 11 से अधिक तिलों का होना त्वचा के कैंसर की ओर इशारा करता है। यही नहीं शरीर पर अगर सैकड़ों की संख्या में तिल मौजूद है तो इससे कैंसर का खतरा 5 गुना तक बढ़ जाता है। हाथों में होने वाले तिलों की संख्या से शरीर पर तिलों की संख्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अनुसार बाएं हाथ पर 11 या अधिक व दाएं हाथ पर 7 या इससे अधिक तिलों का होना यह दर्शाता है कि आपके शरीर पर सौ से अधिक तिल हो सकते है। इस तरह से आपके लिए कैंसर का खतरा और भी बढ़ जाता है।

## रेसिपी

### चिली अप्पम



**सामग्री**

इडली बेटर-2 कप, शिमला मिर्च-2, हरा धनिया-2 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ), तेल-2 टेबल स्पून, अदरक-1 इंच टुकड़ा (लम्बे पतले टुकड़े काट लीजिये), टोमेटोसॉस-2 टेबल स्पून, सोया सॉस-1/2 छोटी चम्मच, चिली सॉस-1/2 छोटी चम्मच, सिरका-1 छोटी चम्मच, नमक-1 छोटी चम्मच या स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर-1/4 छोटी चम्मच से कम

**विधि**

इडली के घोल में 1/4 छोटी चम्मच नमक डाल कर मिक्स कर लीजिए अप्पम मेकर को गरम कीजिए और इसके प्रत्येक खाने में थोड़ा थोड़ा तेल डालिए चमचे से मिक्स लीजिए और प्रत्येक खाने में एक चम्मच इडली का घोल डाल कर भरते जाएं सभी खाने भर देने के बाद इसे 2 मिनिट के लिए ढककर, मीडियम धीमी आग पर पकने दीजिए, नीचे से हल्के ब्राउन होने तक सेक लीजिये अब इन्हें पलट दीजिए, अप्पम को दोनों ओर से हल्के गोल्डन ब्राउन होने तक सेक लीजिए सिके हुए अप्पम को निकाल कर प्लेट में रखिए और दूसरे अप्पम भी इसी प्रकार सेंकिये, सारे अप्पम इसी तरह बनाकर तैयार कर लीजिए शिमला मिर्च को धोइये और बीज हटा कर छोटे-छोटे टुकड़ो में काट लीजिए कढ़ाई में तेल डालकर गरम कीजिये, गरम तेल में बारीक कटा हुआ अदरक और शिमला मिर्च डाल कर इसे धीमी आंच पर ढककर के 1 मिनिट के लिए पका लीजिए अब इसमें टोमेटो सॉस, नमक, चिली सॉस, सिरका, सोया सॉस, लाल मिर्च पाउडर डालकर सभी चिजो को अच्छे से मिला लीजिए अब इसमें अप्पम डाल कर अच्छे से मिक्स करते हुए पका लीजिए और थोड़ी सी ताजा क्रश्ड काली मिर्च डाल कर मिला लीजिए, चिली अप्पम बनकर तैयार है इन्हे प्लेट में निकाल लीजिए और हरे धनिये से सजाते हुए गरमा गरम परोसिये और खाइए।

# सिरदर्द को हल्के में बिल्कुल न लें



आए दिन होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को हम कभी दर्द की दवा खाकर तो कभी दर्दनिवारक मलहम लगाकर और कुछ देर आराम करके फिर से काम में जुट जाते हैं, लेकिन कभी आपने गौर किया है कि कुछ समस्याएं आपको लगातार तंग करती हैं और पेनकिलर खाने से भी ठीक नहीं होतीं। अगर ऐसा हो रहा हो तो सतर्क हो जाइए, क्योंकि ये संकेत किसी गंभीर बीमारी के भी हो सकते हैं। आमतौर सिर में दर्द होने को बहुत हल्के में लिया जाता है, लेकिन इस दर्द की कई ऐसी वजहें हो सकती हैं जिनमें जरा सी लापरवाही भी खतरनाक हो सकती है। सिरदर्द को हल्के में नहीं लेना चाहिए। कभी-कभी यह दर्द किसी गंभीर बीमारी पनपने का सूचक भी होता है। वैसे तो सिरदर्द बहुत ही कॉमन रूप से होता है, परंतु कभी-कभी यह कुछ आगामी बीमारियों के कारण भी हो सकता है। इसकी गंभीरता को समझते हुए सिरदर्द होने पर चिकित्सक से सलाह कर उसका उचित उपचार करवाना चाहिए। क्योंकि कभी कभी यह माइग्रेन, तनाव एवं ब्रेन में होने वाली बीमारियां जैसे ब्रेन ट्यूमर की वजह से भी हो सकता है और यह घातक हो सकती है। कभी सिर में चोट लगे तो चिकित्सक से तुरंत संपर्क करना चाहिए। जिससे समय पर उसका ठीक प्रकार से इलाज हो सके।

### सिरदर्द के कुछ आम कारण

- धूप में जाने या मौसम बदलने के कारण सिरदर्द हो जाता है।
- बहुत देर खाली पेट रहने से भी सिरदर्द हो जाता है।
- वीडियो गेम खेलने या कंप्यूटर पर देर तक काम करने की वजह से आंखों पर जोर पड़ने के कारण भी यह हो सकता है।
- सिरदर्द होने की एक वजह साइनेसाइटिस भी हो सकता है।
- अगर सिर के पिछले हिस्से में दर्द हो तो सर्वाइकल की वजह से हो सकता है।
- अगर सिरदर्द के साथ उल्टी भी आये तो यह ब्रेन फीवर या ब्रेन ट्यूमर के कारण भी हो सकता है।
- हल्का सिरदर्द तनाव, थकावट या मौसम के बदलाव की वजह से हो सकता है, लेकिन यह युवावस्था में लगातार बना रहता है तो माइग्रेन भी हो सकता है।
- लोग इसके लिए पेनकिलर ले लेते है और कुछ देर सो लेते है तो आराम आ जाता है, किंतु यह अगर लगातार बने रहे तो चिंता का विषय हो सकता है। किसी भी सूरत में इसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।

### दही वाले रसीले आलू



**सामग्री**

आलू-6 उबले हुए (300 ग्राम), दही-125 ग्राम (फैंटा हुआ), तेल-2 टेबल स्पून, हरा धनिया-2-3 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ), हरी मिर्च-2-3 (बारीक कटी हुई), हींग-1 पिंच, जीरा-1/2 छोटी चम्मच, धनिया पाउडर-1/2 छोटी चम्मच, हल्दी पाउडर-चौ छोटी चम्मच, लाल मिर्च पाउडर-चौ छोटी चम्मच से थोड़ा सा कम, नमक-1 छोटी चम्मच या स्वादानुसार

**विधि**

उबले हुए आलुओं को छील लीजिए, सब्जी बनाने के लिए पैन गरम कीजिए पैन में 2 टेबल स्पून तेल डाल कर गरम होने दीजिए तेल गरम होने पर हींग और जीरा डाल कर भूनिये जीरा भुनने के बाद, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर और बारीक कटी हरी मिर्च डाल दीजिये चमचे से मसाले को चलाइये, मसाले को थोड़ा सा भूने मसाला भुन जाने पर आलुओं को हाथ से मोटा-मोटा तोड़ कर मसाले में डाल दीजिए सभी चीजों को अच्छे से मिलने तक 1-2 मिनिट मिलाइए, डेढ़ कप पानी डाल दीजिए और सब्जी को ढककर उबाल आने तक पकाएं सब्जी में उबाल आने पर लाल मिर्च डाल कर मिला दीजिए, अब सब्जी में अच्छे से फेंट कर लिया हुआ दही थोड़ी-थोड़ी मात्रा में डालते जाएं और सब्जी को लगातार चलाते हुए पकाएं सब्जी में उबाल आने पर इसमें नमक डालकर मिला दीजिए और सब्जी को 3-4 मिनिट उबलने दीजिए सब्जी में हरा धनिया डाल कर मिलाइए सब्जी बनकर तैयार है, गैस बंद कर दीजिए और सब्जी को प्याले में निकाल लीजिए स्वादिष्ट आलू का रसा बनकर तैयार है इसे हरे धनिये से गार्निश कीजिए दही वाले आलू को आप चपाती, परांठे, चावल या पूरी के साथ परोसिये और खाइये।

## नीलका धाम के ब्रह्मलीन महंत रामधनदासजी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम का हुआ आयोजन, 3 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स





**विराटनगर(निसं.)।** नीलका धाम मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन महंत रामधन दासजी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम को लेकर बुधवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जयसिंहपुरा के नृसिंह मंदिर महंत सुरजनदासजी महाराज, बागावास अहिरान के ओंकारदासजी महाराज, नीलका संत महामंडलेश्वर रामदासजी महाराज, महामंडलेश्वर मोहनदासजी महाराज के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत महाराज महाराज मोहनदास पर पट्टाभिषेक हुआ। जहां पांचो मंडलों के साधु संतों ने विधि विधान से मंत्रोचार के साथ पट्टाभीसेक कार्यक्रम संपन्न करवाया। प्रथम दिन 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी,प्रसादी में लड्डू, पुड़ी, भूजिया, सब्जी परोसी गई, बुधवार से 9 मई तक तीनों दिन करीब 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालू प्रसादी पाएंगे। दो स्थानों पर बनाई पार्किंग, आंतेला यूथ टीम के सदस्यों ने संभाली व्यवस्था...कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर से 500 मीटर पहले गोशाला के पास दो पार्किंग बनाई गई है। गोशाला के सामने चौपहिया वाहनों की पार्किंग बनाई गई। गोशाला के पीछे दुपहिया वाहनों की पार्किंग बनाई। दोनों पार्किंग की व्यवस्था आंतेला यूथ टीम के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। चादरपोशी कार्यक्रम को लेकर पांचो मंडलों सहित पैंतालीस बत्तीसा शेखावाटी के साधु संतों ने लिया हिस्सा।इस दौरान त्रिवेणी धाम के महाराज रामरिछ्पाल दास जी,काला कोट डाउ धाम के महाराज बाहुबलदेव आचार्य,पंच खंड पीठाधीश्वर विराटनगर आचार्य सोमेंद्र महाराज, बिहारी दास महाराज जयपुर, सुरजन दास जी महाराज,बिहारी दास जी महाराज,सुरेश जी महाराज कुंडा धाम, पहलाद दास जी महाराज कुंडा धाम मनोहरपुर,रामरतन दास जी महाराज चतुर्भुज, मंगलदास महाराज, सांवरमल महाराज, सोहनलाल व्यास सहित आनेको साधु संतों ने हिस्सा लिया।

### आम लोगों सहित खास लोगों ने भी लिया हिस्सा

कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशीष धनखड़,विराटनगर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर,जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, पूर्व प्रधान सुवालाल यादव सहित,सरपंच जिला पार्षद व पंचायत समिति सदस्यों भाबरू, आंतेला, ढाणी गैसकान, लुहाकना कला, कैरली, बजरंगपुरा, बागावास अहिरान, किशनपुरा, छींतौली, लाडाकाबास आदि ग्राम पंचायतों के करीब 50 गांवों से सहित दूरदराज से श्रद्धालुओ ने शिरकत की। तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर आनेको लोक कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति दी गई। वहीं आसपास सहित दूर दराज के लोगों ने मंदिर परिसर में पंगत प्रसादी प्रकार नेहडा सहित लोक भजनों का आनंद उठाया। शांति व्यवस्था को लेकर भाबरू थाना पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## अवैध बजरी परिवहन करते 5 ट्रैक्टर- ट्रोली जब्त

**(निसं.)।**बिजौलियां थाना पुलिस द्वारा अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बडी कार्यवाही की गई।थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि पुलिस थाना बिजौलियां द्वारा अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर- ट्रोली व एस्कोर्ट करते हुए 2 मोटर साईकिल को जब्त कर 6 आरोपियों को 126-170 बीएनएसएस में मौके से गिरफ्तार करने के साथ ही अवैध खनिज बजरी परिवहन के खिलाफ 5 मामले दर्ज किए गए। पुलिस टीम में एएसआई नरेश कुमार,हैड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह हैड कांस्टेबल रामसिंह,कांस्टेबल जितेन्द्र,जुगराज, गीतम,सुरेन्द्र,सुरेश व शिवपाल शामिल रहे।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 का नियम 14)

**न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी पदेन राजस्व अपील अधिकारी स्थान बीकानेर**

अपीलार्थी मुंगीलाल विरूद्ध प्रत्यर्थी महेन्द्र सिंह आदि
अपील संख्या 24 सन् 2015
उपखण्ड अधिकारी, चूरू के न्यायालय की तारीख 21.05.2015 की अपील
प्रेषिति :- नाम रुखमणी तथा कथित काल्पनिक
पत्नी स्व. हनुमान जाति दरोगाह निवासी धांधु तहसील चूरू

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले मे उपखण्ड अधिकारी, चूरू को डिक्री की अपील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत की गई है और इस न्यायालय मे रजिस्टर कर ली गई है जिसमे अपील की सुनवाई हेतु दिनांक 28.05.2025, यदि इस अपील में आपकी और से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति मे सुनी और विनिशचित की जावेगी।

यह आज ता. 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

भू-प्रबंध अधिकारी पदेन राजस्व अपील अधिकारी बीकानेर

**Section (B):- Notice Inviting Bid (NIB)**

**Office of principle medical officer/ member secretary (RMRS),Sub District Hospital jamwaramgarh Jaipur (frist)**

SDH:RMRS/2025/21 Dated: 24.04.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for rate contract For Various Goods and services for 2025-26 are invited from interested bidders up to 05:00 pm on dated 10.05.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https:// sppp.rajasthan.gov.in & http:// eproc. rajasthan. gov.in of the state departmental website.

NIB:- MHS2526A0266
UBN: (MHS2526GLRC00573)
UBN: (MHS2526GLRC00575)
UBN: (MHS2526SLRC00579)
UBN: (MHS2526GLRC00582)
UBN: (MHS2526SLRC00583)
UBN: (MHS2526GLRC00584)
UBN: (MHS2526GLRC00586)
UBN: (MHS2526GLRC00587)

**PMO/Member**

DIPR/C/5891/2025

## राजपूत समाज के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजपूत समाज के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने राजपूत समाज के चुनाव में लगातार दूसरी बार विजेता होकर एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर भवानी सिंह तंवर, प्रवर्तन अधिकारी जेडीए, तथा उनके सहयोगियों जालंधर सिंह, मदन चौधरी और चंद्र प्रकाश शर्मा ने चंदलाई के निवास स्थान पर पहुँचकर उन्हें माला, गुलदस्ता और मिठाई खिलाकर हार्दिक स्वागत किया। इस मौके पर भवानी सिंह तंवर ने कहा, " राम सिंह चंदलाई का लगातार जीतना समाज के प्रति उनके समर्पण और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। हम सभी को गर्व है कि उन्होंने समाज की भलाई के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।" चंदलाई ने अपनी जीत का श्रेय समाज के सभी सदस्यों को दिया और कहा, "यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरे राजपूत समाज की है। मैं सभी का आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और मुझे इस जिम्मेदारी को निभाने का अवसर दिया।" इस स्वागत समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने चंदलाई की आगामी योजनाओं और समाज के विकास के लिए उनके दृष्टिकोण पर चर्चा की। राजपूत समाज की ओर से सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया और भविष्य में समाज के उत्थान के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर पाटन
**पं.स. पाटन (सीकर)**

दिनांक- 06.05.2025

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना /01/2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 14.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https:// sppp. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2526WSRC00024

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. रायपुर पाटन**

## युद्धकालीन नागरिक सुरक्षा को लेकर सीएलजी बैठक

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** भारत पाक के बीच बन रहे युद्ध जैसे हालातों में नागरिक सुरक्षा और जागरूकता गाइड लाइन की पालना को लेकर बिजौलियां थाने में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया।थानाधिकारी लोकपाल सिंह राठौड़ ने रात्रि 8.15 से 8.30 तक कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले ब्लैक आउट को सफल बनाने को लेकर चर्चा की।साथ ही गृह मंत्रालय द्वारा जारी नागरिक सुरक्षा और जागरूकता गाइडलाइन की पालना की अपील भी की।वहीं ब्लैक आउट को लेकर पुलिस विभाग द्वारा कस्बे में एनाउंसमेंट करवाने के साथ ही सभी बीट कॉन्स्टेबल्स को जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी भेजा गया। इससे पूर्व सुबह 11 बजे उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह ने भी जागेश्वर महादेव में आयोजित बैठक में क्षेत्रवासियों से सजग रहने और केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी गाइड लाइन की पालना किए जाने की बात कही।

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DAL-PATPURA P.S. PATAN (SIKAR)

S. No. GDP/ETENDER/2025-26/685 DATE- 07.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 14.05.2025, 11.00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS. 600000.

UBN No. PKP2526WSOB00038

**PRASHASHAK**
**G.P. DALPATPURA**

**VDO**
**G.P. DALPATPURA**

## कार्यालय ग्राम पंचायत न्यौराणा
**पं.स. पाटन (सीकर)**

दिनांक- 07.05.2025

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना /01/2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 15.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https:// sppp. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2526WSRC00036

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. न्यौराणा**

## कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, दांता (सीकर)

क्रमांक- एनएचएम / 2025 / 241- 250 दिनांक- 07.05.2025

**खुली निविदा सूचना**

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत जिला स्वास्थ्य समिति ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी दाता (सीकर) को वर्ष 2025-26 में (माह जून 2025 से मार्च 2026) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बीपीएमयू मोबिलिटी मद में टैक्सी परमिट वाहन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्र (डिलिवरी व नॉन डिलिवरी पॉईन्ट) पर साफ-सफाई कार्य व्यवस्था, सा0 स्वा0 केन्द्रो व प्रा0 स्वा0 केन्द्रो पर मेडिसिन आपूर्ति एव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मशीन विथ मेन की सेवाए अनुबंध पर ली जाने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इस हेतु अनुभवी व पंजीकृत एकल स्वामित्व / फर्म / कम्पनी संस्था / सोसायटी / एनजीओ से सीलबन्द लिफाफों में निम्नानूसार निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

| क्र.स | सेवाओं का विवरण | अनुमानित बजट | इकाई | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | UBN No. | NIB No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 वाहन अधिकारी / कर्मचारीयों को क्षेत्र भ्रमण कार्य हेतु 2 वाहन आरबीएसके कार्यक्रम उपयोग हेतु | 900000/- | 3 | 18000/- | 200/- | MHS2526A0441 | MHS2526SSOB00819 |
| 2 | 3 सा0 स्वा0 केन्द्र | 900000/- | 3 | 18000/- | 200/- | MHS2526A0446 | MHS2526SSOB00825 |
| 3 | प्रा0स्वा0केन्द्र (DP) | 400000/- | 2 | 8000/- | 200/- | MHS2526A0449 | MHS2526SSOB00826 |
| 4 | 7 प्रा0स्वा0केन्द्र (NDP) | 840000/- | 7 | 16800/- | 200/- | MHS2526A0451 | MHS2526SSOB00827 |
| 5 | 1 उप स्वास्थ्य केन्द्र | 20000/- | 1 | 400/- | 200/- | MHS2526A0453 | MHS2526SSOB00830 |
| 6 | मेडिसिन आपूर्ति सा0 स्वा0 केन्द्र, खाचरियावास | 800000/- | 1 | 16000/ | 200/- | MHS2526A0454 | MHS2526GSOB00831 |
| 7 | मेडिसिन आपूर्ति सा0 स्वा0 केन्द्र, दांता | 800000/- | 1 | 16000/ | 200/- | MHS2526A0455 | MHS2526GSOB00832 |
| 8 | मेडिसिन आपूर्ति सा0 स्वा0 केन्द्र, बाय | 500000/- | 1 | 16000/ | 200/- | MHS2526A0457 | MHS2526GSOB00834 |
| 9 | मेडिसिन आपूर्ति 9- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र | 900000/ | 9 | 18000/- | 200/- | MHS2526A0459 | MHS2526GSOB00836 |
| 10 | मशीन विथ मेन (IHMS DEO) PHC (दांता रामगढ व खूड ) | 252000 | 2 | 5040/- | 200/- | MHS2526A0460 | MHS2526SSOB00838 |

उपरोक्त समस्त निविदाओं को- निविदा बेचने की तिथि 08.05.2025, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 14.05.2025, निविदा खोलने की तिथि 15.05.2025 दोपहर 12.00 बजे होगी।
निविदा की शर्तें निम्न शर्तो के अतिरिक्त अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकित है।
1. किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने के सर्वाधिकार कय समिति का होगा ।
2. अनुमानित लागत में आवश्यकतानुसार कमी / वृद्धि की जा सकती है।
3. प्रस्तुत दरें समस्त कर एवं खर्चे इत्यादी सहित होनी चाहिए ।
4. उपरोक्त वर्णित किसी दिनांक को राजकीय अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा प्रपत्र विक्रय / कय किये जायेंगे। निविदा की शर्ते एवं निविदा फॉर्म कार्यालय समय में आकर प्राप्त किये जा सकते है।
5. उक्त निविदा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के तहत जारी की जाकर राजकीय वेबसाईट 222.ह्यश्चश्चश्च.ह्लड्डद्ब.ड्डद्बष्.द्बठ्ठ पर देखी जा सकती है।

**ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**दांता (सीकर)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेगा की नांगल
**पं.स. पाटन (सीकर)**

दिनांक- 07.05.2025

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना /01/2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 15.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https:// sppp. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2526WSRC00035

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. बेगा की नांगल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत डोकन
**पं.स. पाटन (सीकर)**

दिनांक- 07.05.2025

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना /01/2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 15.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https:// sppp. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2526WSRC00033

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. डोकन**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
08 मई, 2025

### सायरन बजा तो चौंक गए लोग, मॉक ड्रिल से दी सुरक्षा की जानकारी

# पाकिस्तान पर भारत का मिसाइल अटैक, अंचल में सेना के शौर्य की सराहना, गर्व जताया


मण्डावा।


सरदारशहर।


झुंझुनू।


रतनगढ़।


रतनगढ़


सुजानगढ़

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा।** मण्डावा विधायक व प्रदेश कांग्रेस महासचिव रीटा चौधरी और कांग्रेस नेता शिशुपाल सिंह दूलड़ने इस सैन्य कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि यह आतंकवाद पर करारा प्रहार है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन से देश में गर्व और उत्साह की भावना जगी है। भारतीय सेना के "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के ध्वस्तीकरण की कांग्रेस ने सराहना की। रीटा चौधरी और शिशुपाल सिंह दूलड़ने इस कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए समर्थन की बात कही। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने सीमा पार मौजूद आतंकवाद पर करारा प्रहार किया है, जिससे देशभर में गर्व और उत्साह की लहर है। इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कांग्रेस पार्टी ने भारतीय सेना की सराहना की है और सरकार के फैसले के साथ खड़े होने का संदेश दिया है।

**मण्डावा।** पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सेना के ऑपरेशन की सफलता पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करने पर वीर भूमि मण्डावा भी देशभक्ति के रंग में रंग गया। सिंघासन हवेली में सर्व समाज के लोगों ने एकत्र होकर भारत सरकार और सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की और खुशी का इजहार किया। आयोजन स्थल पर उपस्थित जनसमूह ने 'भारत माता की जय' और 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के जोश से सराबोर हो गया। हर चेहरे पर गर्व और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। नागरिकों ने इस सैन्य कार्रवाई को आतंकवाद के विरुद्ध भारत की स्पष्ट और कठोर नीति का परिचायक बताया। लोगों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना ने आतंकियों को उनके


मण्डावा।

गढ़ में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिससे प्रत्येक भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया है। सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे देश की सुरक्षा के लिए एक आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ किसी भी सीमा तक जाने के लिए तत्पर है। लोगों ने जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई से पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है कि भारत अपनी सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई देश के आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक थी। हमारी वीर सेना ने अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत ने यह दिखा दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उधर, नगर पालिका के पीछे आयोजित संगोष्ठी में प.महेश जोशी ने कहा कि शेखावाटी वीरों की धरती है और यहां का प्रत्येक नागरिक सेना के हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। आज हमें गर्व है कि हमारी सरकार और सेना ने मिलकर विश्व को यह संदेश दिया है कि भारत कमजोर नहीं है। यह कार्रवाई प्रत्येक देशवासी को गर्व और सुरक्षा की अनुभूति कराती है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी, शिवचरण गाड़ोंदिया, पार्षद मो0 इब्राहिम और दीपक खाण्डल आदि मौजूद रहे।

**सरदारशहर।** शहर के एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रभारी आलोक सिंह व शिक्षकों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय प्रभारी सिंह ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हमने खेल-खेल में सीखा कि एक प्रज्वलित हुआ दीपक अनेक दीपक प्रज्वलित कर सकता है। उसी प्रकार एक विद्वान व्यक्ति समाज में निहित बुराइयों को मिटा सकता है। इस अवसर पर बच्चों व शिक्षकों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ जी के जीवन परिचय व प्रसंगों का उल्लेख किया। शिक्षकों ने खेल के माध्यम से प्रज्वलित दीपक का महत्व समझाया। बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय के शिक्षकों ने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा का संदेश ब्लैकआउट मार्क ड्रिल बच्चों तक प्रसारित किया व आपातकालीन परिस्थितियों में तैयार रहने का अभ्यास करने व सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफल कार्रवाई पर विद्यालय के बच्चों ने भारतीय सेना और सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि आतंकवादियों को समूल नष्ट करने में हम बच्चे भी आपके साथ हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार, रविकांत शर्मा, अर्चना चौधरी, मीनाक्षी डीडवानिया, टीना शर्मा, ज्योति सोनी, खुशबू पांडिया, गीतिका स्वामी, दिव्या सोनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश नाई ने किया।

**रतनगढ़।** भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर किए गए हमले के पश्चात बुधवार सुबह भानुदा व सिकराली की रोही में मिसाइलनुमा वस्तु मिलने से गांव के लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर एसडीएम रामकुमार वर्मा, डीवाईएसपी अनिल कुमार राजलदेसर एसएचओ कमलेश सैनी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन देर शाम तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। भानूदा के विजयपाल भुवाल ने बताया कि रात्रि एक बजे के आसपास तेज धमाका हुआ, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसी दौरान फाईटर प्लेनों को भी उड़ते हुए देखा। सुबह जब खेत मालिक श्रवणकुमार मेघवाल खेत से अपने घर आ रहा था, तो उसने अपने खेत में मिशाइलनूमा वस्तु दिखाई दी, जिस पर उसने ग्रामीणों को सूचित किया। इसके बाद काफी संख्या में लोग खेत में एकत्रित हो गए। वहीं सिकराली की रोही में भी मिशाइननूमा वस्तु मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की सूचना पर प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन वे किसी भी तरह की जानकारी देने की असमर्थता जताते हुए बताया कि जो भी स्थिति है, वो जिला प्रशासन व आर्मी के अधिकारी ही स्पष्ट कर पाएंगे। वहीं मंगलवार की देर रात चार प्लेन काफी नीचे तेज आवाज के साथ निकले, जिससे छत पर सो रहे लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। एक बार तो लोगों ने सोचा कि यह मॉकड्रिल का हिस्सा होगा, लेकिन लगातार प्लेनों के आने के कारण दहशत में लोग छत से नीचे मकान में आकर सो गए। सुबह क्षेत्र के लोगों में भारतीय सेना की ओर से किए गए हमले की सर्वत्र चर्चा थी। वहीं सुबह सात बजे के आसपास गांव भानूदा व सिकराली में मिशाइलनूमा वस्तु गिरने के बाद अधिकांश लोगों का कहना है कि हमले का केंद्र बिंदू रतनगढ़ व सरदारशहर की रोही ही था। इस स्थान से भारतीय सेना ने पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है। इस संदर्भ में प्रशासनिक अधिकारियों ने कुछ भी बताने से मना कर दिया।

**रतनगढ़** भारतीय सेना की जबाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों ने केंद्र सरकार व भारतीय सेना के इस निर्णय का स्वागत करते हुए घंटाघर के पास बुधवार की दोपहर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर निर्णय का स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम की घटना का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाब दिया है। इस मौके पर वासुदेव चाकलान, अरविंद मिश्रा, अजय गार्गी, कमल शर्मा, सुनील कम्मा, सुरेश घारू, हनुमानसिंह शेखावत, भंवरलाल टेलर, राजेंद्र चांदगोठिया, रामदेव चंदनिया, नरेंद्र स्वामी, रमेश सिंधी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**सुजानगढ़** एयर स्ट्राईक की स्थिति में ब्लेक आउट की मॉकड्रील को लेकर प्रशासन ने ब्लॉक लेवल की अधिकारियों की मीटिंग की। इस बारे में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने उपखंड कार्यालय में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें 15 मिनट का ब्लेक आउट करवाना है, जो रात के समय में प्रस्तावित है। इसके लिए समस्त गांवो में स्कूलों के माध्यम से और अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों तक सूचना दी गई है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में भी मंदिरों और मस्जिदों के माध्यम से ब्लेक आउट के लिए सायरन तीन मिनट तक बजाया जाकर लोगों को ब्लेक आउट शुरू होने की जानकारी दी जाएगी। डीएसपी दरजाराम बोस ने कहा कि ब्लेक आउट में सभी चलती गाड़ियां, वाहन भी रूक जाएगे और लाईट्स ऑफ रखनी होगी। उन्होंने कहा कि शोसल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रशासन ने जन-जन तक मॉकड्रील की सूचना पहुंचाने की कोशिश की है और हम जनसहयोग से इसे सफल बनाएंगे। इस दौरान तहसीलदार राजूदेवी, सीबीईईओ सुनीता पूनिया, नगरपरिषद से तिलोकचंद, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सूचना विभाग से गौरव नाई सहित अनेकों विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**झुंझुनू।** झुंझुनूं में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को विशेष मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान रानी सती मंदिर पर एक काल्पनिक हवाई हमला किया गया। हमले में दर्जनों लोगों के घायल होने और आग लग गई। जिसको लेकर जिला प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन की टीमें और मेडिकल स्टाफ ने तुरंत एक्शन लिया। हमले की सूचना से अफरा- तफरी मच गई मॉक ड्रिल के तहत जैसे ही एयर अटैक का सायरन बजा, मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। काल्पनिक रूप से घायल लोगों और आगजनी के दृश्यों ने एक वास्तविक आपदा जैसी स्थिति पैदा कर दी। इस चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा और पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी के नेतृत्व में प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन की टीम, पुलिस, सिविल डिफेंस, मेडिकल स्टाफ और स्काउट दल घटनास्थल पर पहुंचे। जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस की टीमों ने महज 5 से 7 मिनट के भीतर बचाव कार्य शुरू कर दिया। मॉक ड्रिल में आग पर काबू पाने, घायलों को सुरक्षित निकालने और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था का अभ्यास किया गया।

**मण्डावा।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश भर में मॉक ड्रिल की गई। मण्डावा में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उप जिला कलेक्टर मुनेश कुमारी ने सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट किया। अलग-अलग विभागों की टीमों ने लोगों को जागरुक किया। बताया गया कि मॉक ड्रिल के वक्त उनके क्या दायित्व बनते हैं। लोगों को युद्ध के वक्त खुद की जान बचाने के तरीके बताए गए। साथ ही आस पड़ोस के लोगों की भी मदद करने के तरीके बताए गए। पुलिस की टीमें शहर के अलग-अलग इलाकों में गई। लोगों को मॉक ड्रिल को लेकर जागरुक किया। वहीं, एनसीसी के छात्रों ने भी अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों को जागरुक किया। सिविल डिफेंस की टीमों ने भी बचाव के तरीके बताए। सायरन बजने पर किस तरह व्यवहार करना है। इसके बारे में भी जानकारी दी गई। लोगों को ब्लैकआउट के बारे में भी बताया गया। ब्लैकआउट के समय घर की तमाम लाइट बंद करने के लिए कहा गया। ब्लैक आउट के समय सड़क पर चलने वाले वाहनों को कैसे लाइट बंद रखनी है, ये भी बताया गया। वाहनों पर काली पट्टी लाइट पर लगाने के बारे में जानकारी दी गई। मण्डावा तहसीलदार डा0 सुरेन्द्र भास्कर ने कहा कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों का पालना किया जा रहा है। ये मॉक ड्रिल पुराने अस्पताल भवन में आयोजित की गई।क्योंकि यहां पर सबसे बड़ा क्षेत्र है। सूचना के बाद तमाम विभागों की टीम में मौके पर पहुंची।

## भादवाड़ी पुराने बस स्टैंड पर नहीं रुकती रोडवेज बसें

### यात्री परेशान, आंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** ग्राम पंचायत भादवाड़ी में पुराने बस स्टैंड पर रोडवेज बसों का ठहराव नहीं हो रहा है, जिससे यात्रियों को परेशान हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्टैंड वर्षों से निर्धारित होने के बावजूद रोडवेज कर्मचारियों ने मनमानी तरीके से यहां बसों का ठहराव नहीं करते हैं। इस स्टैंड पर दर्जनों गांवों से वृद्धजन, महिलाए, छात्र-छात्राएं, बीमार लोग आदि यात्री आकर बैठते व उत्तरते हैं। जिनको रोडवेज बसों के ठहराव नहीं होने से परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों ने रोडवेज प्रबंधक श्रीमाधोपुर, यातायात मंत्री, विधायक सुभाष मिल व जिला कलेक्टर सीकर को ज्ञापन भेजकर भादवाड़ी पुराने बस स्टैंड पर रोडवेज बसों के ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की है। बसों के ठहराव नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## फायरिंग और लूट का मुख्य आरोपी गिरफ़्तार

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन, (निंस)।** नीम का थाना पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए फायरिंग और लूट के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अजयपाल लाम्बा, महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज व भूवन भूषण यादव, पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना की ओर से फायरिंग एवं संगीन अपराधों में शामिल वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए दिए गए निर्देशों की अनुपालना में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई का पर्यवेक्षण अति. पुलिस अधीक्षक गिरधारीलाल शर्मा व निर्देशन सहायक पुलिस अधीक्षक रोशन, आईपीएस ने किया गया। पुलिस थाना पाटन पर दर्ज प्रकरण संख्या 152/2024 अंतर्गत




भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराएं 310(2), 324(5), 351(3), 109(1), 333, 326(एफ), 191(2), 191(3), 190 बी.एन.एस. व 3/25, 5/27(1) आर्म्स एक्ट के तहत वांछित चल रहे मुख्य आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ के.के. उर्फ किशनलाल सैनी पुत्र पोखरमल सैनी निवासी वार्ड नंबर 9, हेमराजपुरा को पुलिस टीम ने धरदबोचा है। बता दें कि 16 जुलाई 2024 को विक्रम सिंह गुर्जर निवासी ढाणी भडाणा की ओर से पाटन थाने में दर्ज करवाई गई एफआईआर के अनुसार, आरोपी इन्द्राज, कृष्ण कुमार, शेर सिंह सहित अन्य ने रायपुर स्थित एक लाइसेंसी शराब दुकान में घुसकर देशी कट्टे से फायरिंग की, जानलेवा हमला किया, तोड़फोड़ की और लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना पाटन की ओर से एक विशेष टीम गठित की गई जिसमें थानाधिकारी विक्रम सिंह, कांस्टेबल कर्मवीर यादव, जयपाल, अनिल कुमार व राजू सिंह शामिल रहे। इस टीम ने आसूचना तंत्र के माध्यम से कार्य करते हुए अब तक 5 आरोपियों – इन्द्राज उर्फ टाइगर, ईश्वर सिंह, अशोक उर्फ एस.पी., शेर सिंह और हाल ही में कृष्ण कुमार उर्फ के.के. को गिरफ्तार कर लिया है।

### पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड

गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण कुमार उर्फ के.के. पर पहले भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

1. मुकदमा संख्या 505/2020 - धारा 147, 148, 149, 341, 323, 326, 307, 120बी भादस व 9/25 आर्म्स एक्ट
2. मुकदमा संख्या 186/2021 - धारा 341, 323, 382, 327, 504, 506 भादस।

# एकदिवसीय कैम्पस प्लैसमेंट शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर और जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय की ओर से बेरोजगार युवाओं के लिए गुरुवार को सवेरे 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एकदिवसीय कैम्पस प्लैसमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में राज्य के बीटेक, पॉलीटेक्निक, आईटीआई आदि तकनीकी योग्यता प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को लार्सन एण्ड टूब्रो निर्माण कम्पनी, अंबुजा फाउंडेशन, रिलायबल फर्स्ट एडकॉन प्रा.लि., फलेक्सजो प्रा.लि., बीमा क्षेत्र की महिन्द्रा कम्पनी, सीआईआई एमसीसी, स्टैंजा लिविंग, मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, अशोक लेलैंड, फुरूकावा मिंडा इलेक्ट्रिक प्रा.लि., एलआईसी इत्यादि निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कम्पनियों की ओर से साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 1000 रिक्त पदों के विरूद्ध बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त स्वरोजगार, ऋण योजना तथा विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम आदि राजकीय विभागों की ओर से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बेराजेगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक, फोटोयुक्त पहचान पत्र, दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये आशार्थी जिला रोजगार कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# चेक अनादरण के मामले में एक वर्ष का कारावास

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिह ने चैक अनादरण के मामले में अभियुक्त बाबा अकाश नाथ भट्टा उद्योग ढंढेरी रोड़ सुल्तानपुरा तहसील हांसी जिला हिसार जरिए सुरेश कुमार पुत्र मीरसिंह निवासी सुल्तानपुर तहसील हांसी जिला हिसार को 1 वर्ष का साधारण कारावास व 5,50,000/- रूपए की प्रतिकर राशि अदा करने व अदम अदायगी की सूरत में 3 माह का साधारण कारावास की सजा सुनवाई है। प्रकरण में चौधरी आयरन उद्योग के प्रो. विक्रम पुत्र काशीराम निवासी ढ़ाणा पट्टा सात्यूं तहसील तारानगर जिला चूरू ने अभियुक्त सुरेश कुमार को 3,00,000/- रूपए उधार दिए थे जिनकी अदायगी बाबत सुरेश कुमार ने परिवादी विक्रम को 3,00,000/- रूपये का चैक दिया था जो अनादरित होने पर परिवादी विक्रम ने न्यायालय में परिवाद पेश किया जिसके बाद विचारण न्यायालय ने अभियुक्त सुरेश कुमार को चैक अनादरण की धारा 138 एन.आई.एक्ट. के अन्तर्गत दोषी मानकर 1 वर्ष का साधारण कारावास व 5,50,000/- रूपये प्रतिकर राशि से दण्डित किया और अदम अदायगी की सुरत में 3 माह का साधारण कारावास अतिरिक्त की सजा सुनाई है। परिवादी की और से पैरवी पवन योगी एडवोकेट व प्रदीप योगी एडवोकेट ने की है।

# तोदी महाविद्यालय में केम्पस प्लेसमेंट



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ में मंगलवार को रोजगार परामर्श केंद्र के तत्वावधान में केम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि एनआइआइटी आइएफबीआइ की प्लेसमेंट ड्राइव से आई सी आई सी आई बैंक के लिए असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। साक्षात्कार के लिए कुल 68 विद्यार्थियों ने नामांकन करवाया जिसमें से चयनित 16 योग्य विद्यार्थियों का साक्षात्कार के पश्चात अगले चरण के लिए आवश्यक औपचारिकता पूरी की गई। प्लेसमेंट टीम में सीनियर एसोशिएट मैनेजर मो.सद्दाम ने विद्यार्थियों का चयन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ आनंद शर्मा, महेश अग्रवाल, पवन कुमार निर्वाण, मो . फारुख आदि ने विशेष योगदान दिया।

# आतंकवाद पर हमले से देश में खुशी का माहौलः जोशी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पाकिस्तान में भारतीय सेना की ओर से आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों को लेकर पूरे देश में जोश और खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में भारत सरकार और भारतीय सेना को बधाई देते हुए लक्ष्मणगढ़ के दिग्गज भाजपा नेता दिनेश जोशी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का जो बदला भारतीय सेना ने ले लिया है उसके लिए भारतीय सेना को बधाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सेना की ओर से जो कारवाई की गई है उससे पूरा देश प्रसन्न है। सब को पता चल गया है कि पीएम मोदी जो कहते है, वो करते भी है।



# लुमास में भजन संध्या व धार्मिक कार्यक्रम कल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** लूमास ग्राम में बालाजी धाम के वार्षिक उत्सव पर शुक्रवार को रात्रि जागरण होगा। लुमास ग्राम के समस्त ग्रामवासियों ने बताया कि जागरण में मुख्य गायक देवी सिंह राठौड़ और गायिका सोनू गुजरी, डांसर रेखा राजपूत जयपुर कलाकारों की ओर से जागरण किया जाएगा। शनिवार को बालाजी महाराज के भोग लगाकर प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

# डंपर मालिकों और परिवहन विभाग के बीच टकराव गहराया, चक्का जाम की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिले में डंपर मालिकों और परिवहन विभाग के बीच विवाद गहराता जा रहा है। परिवहन विभाग की ओर से की जा रही सख्त कार्रवाई के विरोध में डंपर यूनियन समेत 11 संगठनों ने जिले में चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जिले में किसी भी कीमत पर चक्का जाम नहीं होने दिया जाएगा और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस टकराव की मुख्य वजह खान विभाग के ई-रवन्ना सिस्टम के जरिए हुई ओवरलोडिंग की जांच है। इस जांच के आधार पर परिवहन विभाग ने 223 करोड़ रुपये से अधिक के चालान जारी किए हैं। इसके साथ ही जिन वाहन मालिकों ने इन चालानों की राशि जमा नहीं की, उनके खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए 229 वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) निलंबित कर दिए गए हैं। इस कार्रवाई से डंपर मालिकों में भारी गुस्सा है और उन्होंने आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

### चक्का जाम को 11 संगठनों का समर्थन, यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

डंपर यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द ही स्वीकार नहीं किया गया तो पूरे जिले में चक्का जाम किया जाएगा। इस चक्का जाम के समर्थन में एसएफआई, डीवाईएफआई, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और किसान महासभा समेत कुल 11 संगठनों ने अपनी भागीदारी की घोषणा की है, जिससे यह आंदोलन और भी व्यापक रूप लेता दिख रहा है।

### एसपी सख्त, चक्का जाम की अनुमति नहीं

पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि चक्का जाम की किसी भी हालत में अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश इस समय गंभीर स्थिति में है। हमारे दुश्मन देशों से मुकाबले के लिए पूरा देश एकजुट है। प्रधानमंत्री, राज्य सरकार, प्रशासन और जनता एक साथ खड़े हैं। ऐसे समय में निजी स्वार्थ के लिए चक्का जाम करना न केवल अनुचित है बल्कि देशहित के भी खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है या चक्का जाम का कोई भी प्रयास किया जाता है, तो पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन अलर्ट, कानून व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए झुंझुनूं पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हैं। एसपी शरद चौधरी ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जिले में कोई भी कानून व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार, चक्का जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर बल प्रयोग से लेकर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई की जा सकती है। डंपर यूनियन के प्रतिनिधि विकास पायल ने प्रेस वार्ता में अपनी तीन मुख्य मांगें रखी हैं। जिन वाहनों की आरसी निलंबित की गई है, उन्हें तुरंत बहाल किया जाए। ई-रवन्ना के आधार पर जारी किए गए सभी चालानों को माफ किया जाए। झुंझुनूं डीटीओ की ईडी और सीबीआई से जांच करवाई जाए और उन्हें उनके पद से हटाया जाए।

# झुंझुनूं में 1242 विद्यार्थी फीस के लिए परेशान, डेढ़ साल से दूसरी किश्त का इंतजार, 80 लाख 84 हजार रुपए का भुगतान लंबित

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** मुख्यमंत्री बालक व वीर बाला काली बाई फीस पुनर्भरण योजना के तहत जिले के 300 निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 1242 विद्यार्थियों को डेढ़ साल से फीस की दूसरी किश्त नहीं मिली है। इससे विद्यार्थियों के परिजनों को निजी स्कूलों की भारी भरकम फीस चुकाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। योजना में 80 लाख 84 हजार रुपए की राशि अभी तक अटकी हुई है, जिससे स्कूली बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

### बच्चों को अब तक पहली किस्त ही मिल पाई

मुख्यमंत्री की ओर से 2022-23 के बजट में इस योजना की शुरुआत बालिकाओं के लिए की गई थी, जिसे 2023 में बालकों के लिए भी लागू कर दिया गया। इसका उद्देश्य आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत 8वीं तक मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर चुके कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में ही 12वीं तक की शिक्षा उपलब्ध करवाना था। योजना के तहत 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को वार्षिक दो किश्तों में फीस पुनर्भरण की राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जानी थी। जिले के 1242 बच्चों में से अधिकांश को अब तक केवल एक ही किश्त प्राप्त हुई है, जबकि दूसरी किश्त का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि 208 विद्यार्थियों के जनाधार से बैंक खाता लिंक न होने के कारण उनका भुगतान तकनीकी कारणों से लंबित है। वहीं, बाकी बच्चों को दूसरी किश्त का इंतजार है क्योंकि सरकार से अब तक बजट ही जारी नहीं हुआ है।

### परिजनों और निजी स्कूलों की चिंता

निजी स्कूलों ने कई विद्यार्थियों से फीस मांगना शुरू कर दिया है। इससे कई माता-पिता की परेशानियां बढ़ गई है। इतना ही नहीं, योजना की अस्थिरता के कारण निजी स्कूलों में अब 9 वीं कक्षा में नए बच्चों को प्रवेश देने में भी आनाकानी की जा रही है, जिससे वंचित वर्ग के विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि योजना के तहत पहले साल की पहली किश्त सत्र के आरंभ में भौतिक सत्यापन के बाद और दूसरी किश्त साल के अंत में दी जानी थी। लेकिन अब तक दूसरी किश्त जारी नहीं की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ढाका ने कहा कि जैसे ही राज्य सरकार से राशि प्राप्त होगी, छात्र-छात्राओं के खातों में डीबीटी के जरिए भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्कीम की पालना की जा रही है।

# पंचायती राज संस्थाओ में रिक्त पदों के उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** जिले की पंचायती राज संस्थाओ में रिक्त हुए पदों के उप चुनाव कराए जाने के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि जिले की मंडावा पंचायत समिति की भीमसर पंचायत के वार्ड 1 के पंच, वार्ड संख्या 14 के पंचायत समिति सदस्य, सिंघाना की घरडाना कलां के वार्ड 4 के पंच, बुहाना की भालोठ पंचायत के वार्ड 5 के पंच, अलसीसर की टमकोर के वार्ड 2 के पंच व चिड़ावा पंचायत समिति के भुकाना पंचायत के वार्ड 7 के पंच के उप चुनाव करवाए जाने है। उप चुनाव के लिए मतदान दलों की रवानगी, मतदान सामग्री का वितरण व संग्रहण उपखण्ड मुख्यालय पर किया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य के मतों की मतगणना भी उपखण्ड मुख्यालय पर ही करवाई जाएगी। उप चुनाव के तहत वार्ड पंच के लिए 9 मई को लोक सूचना जारी होगी, 14 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं। 15 मई को संवीक्षा होगी, तो वहीं 15 मई को दोपहर 3 बजे बाद नाम वापसी की जा सकती है। इसके बाद चुनाव प्रतीकों का आंवटन व अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 26 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंचायत मुख्यालय पर ही मतगणना होगी। वहीं पंचायत समिति सदस्य के लिए 9 मई को लोक सूचना जारी होगी, 14 मई नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि होगी। 15 मई को संवीक्षा होगी, तो वहीं 16 मई को दोपहर 3 बजे बाद नाम वापसी की जा सकती है। इसके बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन व अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 26 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 27 मई को प्रात 9 बजे से पंचायत समिति स्तर पर मतगणना होगी

# मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनाः संशोधित मुख्य मैरिट सूची जारी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत सत्र 2024-25 के लिए विभाग की ओर से सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निःशुल्क कोचिंग किए जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी करने पर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता व उनके आवेदन में अपलोड किए गए दस्तावेजों के सत्यापन / जांच उपरान्त विभागीय जिलाधिकारियों की ओर से अनुमोदित किए गए आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की संशोधित मुख्य मैरिट सूची जारी की जा चूकी है। विभाग के उप निदेशक डॉ पवन पूनिया ने बताया कि संशोधित मुख्य मैरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को आंवटित कोचिंग संस्थान में 11 मई 2025 तक ज्वॉईन किया जाना है। यदि किन्हीं कारणों से मुख्य सूची के अभ्यर्थियों की ओर से निर्धारित अवधि में ज्वॉईन नहीं किया जाता है तो इस रिक्त सीट पर प्रतीक्षा सूची के श्रेणीवार / वर्गवार पात्र व योग्य अभ्यर्थियों को मैरिट कम प्रिफरेन्स और सीट की उपलब्धता के अधार पर संबंधित कोचिंग संस्थान में संबंधित सत्र में ही अवसर प्रदान किया जाएगा। एक बार मैरिट सूची में आने के बाद अभ्यर्थी अगर कोचिंग ज्वॉईन नहीं करता है तो आगामी सत्र में भी अभ्यर्थी दुबारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन नहीं कर पाएगा। अभ्यर्थी को आवंटित कोचिंग सेंटर में ही ज्वॉईन करना होगा, पोर्टल पर कोचिंग सेंटर बदलने के लिए कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

# गर्ल्स लाइब्रेरी का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्थानीय ग्रामीण छात्रावास स्थित गर्ल्स लाइब्रेरी का लोकार्पण लोकसभा सांसद राहुल कस्वां, विधायक पूसाराम गोदारा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ ने फीता काटकर किया। इसके बाद संस्थान स्थित कुंभाराम आर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।संस्थान अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर और सचिव पवन सेवदा ने बताया कि भामाशाह श्रवण नैण चांपावासी के आर्थिक सहयोग से छात्रावास में लड़कियों के लिए लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने छात्रावास की प्रगति और प्रबंधन की सराहना करते हुए छात्रावास में अध्ययनरत बालकों को अपने कैरियर को उन्नत बनाने पर बल दिया। गर्ल्स लाइब्रेरी निर्माता श्रवण कुमार नैण का आभार प्रकट किया। सांसद कोष से छात्रावास में जिम के लिए कमरा निर्माण के लिए ग्यारह लाख रुपए देने की घोषणा की। संबोधित करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने अपने संबोधन में समाज के भामाशाहों की ओर से छात्रावास में दान देने को पुण्य का कार्य बताया। इस नवनिर्मित लाइब्रेरी में सर्वसमाज की बालिकाओं के शिक्षा ग्रहण करने को बहुत महत्वपूर्ण बताया। विधायक ने अपने कोष से छात्रावास मुख्य भवन में इंटरलॉक लगवाने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष कांग्रेस इंद्राज खीचड़ ने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर हम आगे बढ़ेंगे

# डीजीएस कंपनी की पहलः सूखे मैदान में जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था

## सीमेंट के पाटरों में टैंकर से भरवाया जा रहा है पानी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** गर्मी के इस प्रचंड मौसम में जहां इंसान तक पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, वहीं जानवरों की प्यास बुझाने के लिए डीजीएस हमारी कंपनी ने एक सराहनीय कार्य किया है। संजय परिहार ने बताया कि कंपनी की ओर से सूखे खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जानवरों के पीने के लिए विशेष रूप से सीमेंट के पाटर (कुंडियां) बनाए गए हैं, जिन्हें प्रतिदिन टैंकर के माध्यम से पानी से भरा जा रहा है। यह पहल न केवल आवारा पशुओं के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है, बल्कि स्थानीय लोगों की ओर से भी इसकी जमकर सराहना की जा रही है। डीजीएस की टीम नियमित रूप से यह सुनिश्चित करती है कि पानी साफ-सुथरा रहे और जानवरों को आसानी से उपलब्ध हो।



# स्कूल में पेयजल टंकी का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जाजोदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में करीब 1 लाख 25 हजार की लागत से नव निर्मित पेयजल टंकी का लोकार्पण भामाशाह प्रयोगशाला सहायक राजेंद्र कुमार चौहान, प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंघल, चंद्रभानु सोनी, पुरुषोत्तम चौहान, अभिषेक चौहान ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार चौहान की सेवानिवृति के उपलक्ष में उनका स्वागत सम्मान भी किया गया और स्कूल प्रशासन की ओर से उनका आभार जताया गया। कार्यक्रम में कमला बारूपाल, शारदा हुड्डा, ललिता डारा, विजयलक्ष्मी, आशा गुर्जर, माया सोनी, मोनिका शर्मा, पवन चौधरी, राजूराम महिया, भागीरथ जाट, प्रताप सिंह, बसंत चौधरी, वेद प्रकाश, निखिल टेलर, साहिल खान, पृथ्वीराज फलवाड़िया आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं को सीवरेज कनेक्शन के बताएं लाभ

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ(निस)।** आरयूआईडीपी, अधिषाशी अभियन्ता आर. डी गर्ग के निर्देशन में रतनगढ शहर के वार्ड नं 37 के सिहाग मोहल्ले में महिलाओ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड व कविता स्वामी व काजल सांखला ने बताया कि आरयूआईडीपी की ओर से निशुल्क घरेलु सीवरेज कनेक्शन का कार्य चल रहा है। बेहत्तर स्वच्छता के लिए कोई भी घर घरेलु सीवरेज कनेक्शन से वचिंत न रहे। जिसमे स्नानघर, रसोई शौचालय व वास्पेसन को जोड़ा जा रहा है। वर्षात के पानी को नहीं जोडा जाएगा। कनेक्शन के दौरान घर वाले स्वय ध्यान देकर गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की कमी हो तो उसी समय कर्मचारियों को अवगत कराए। कार्य के बाद नालियां सुखी व साफ रहेगी। जिससे गन्दगी नहीं होगी व मक्खी मच्छर कम होंगे बिमारियो मे कमी आयेगी। स्वच्छता में बेहतर बदलाव आएगा। साथ ही बताया कि स्नानघर, रसोई में जाली घर वाले स्वय लगाए। जाली नहीं लगाने से सेम्पू के पाउच अन्य से सीवरेज लाईन अवरुद्ध हो सकती है।

# अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ(निस)।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की कार्यशाला का आयोजन बुधवार को भाजपा कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान संतोष तालणिया ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देने का निर्णय भाजपा समर्थित केंद्र सरकार के समय हुआ था, जबकि कांग्रेस ने काफी समय तक उनके योगदान की अनदेखी की थी। संसद भवन में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव को कांग्रेस ने यह कहकर ठुकरा दिया कि संसद में जगह नहीं है। भाजपा नेता श्रवण सोडा, अशोक पंवार, सरपंच जगजीतसिंह राठौड़, दीनदयाल पारीक, भागीरथसिंह राठौड़, राजकुमार महर्षि व अर्जुनसिंह फ्रांसा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट शैलेंद्र तालणिया ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
08 मई, 2025

# ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत 'एयर स्ट्राइक' मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**मॉक ड्रिल में 35 हताहत, एबुलेंस, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक सहित आपातकालीन सेवाओं ने त्वरित कार्यवाही कर किया रेस्क्यू**

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को चूरू जिला मुख्यालय स्थित ग्रांड शेखावाटी होटल में ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत एयर स्ट्राइक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना था। जिला कलक्टर सुराणा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य एयर स्ट्राइक जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम का परीक्षण करना तथा गुणवत्ता में सुधार करना था। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग की क्षमता का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि चूरू मुख्यालय स्थित ग्रांड शेखावाटी होटल में सांय 4 बजे एयर स्ट्राइक होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जिला नियंत्रण कक्ष से तुरंत आपातकालीन सेवाओं को घटना की सूचना दी गई। रेल्वे स्टेशन स्थित सायरन को बजाकर आपातकाल की सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों को घेरकर नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इसी के साथ विस्फोटक सामग्री आदि तलाशने की कार्यवाही की गई। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया। उन्होंने बताया कि एयर स्ट्राइक में कुल 35 व्यक्ति हताहत हुए, जिनमें 03 व्यक्ति अति गंभीर घायल, 07 व्यक्ति गंभीर घायल व 25 व्यक्ति घायल हुए। अति गंभीर व गंभीर घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध राजकीय डीबी जनरल अस्पताल व 01 व्यक्ति को शिवम अस्पताल भेजा गया, जहां बर्न वार्ड, ट्रोमा वार्ड, एमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों की टीम ने आवश्यक उपचार दिया। इस दौरान कुल 10 एंबुलेंसों व उसमें तैनात टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व एसपी जय यादव ने अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में तहसीलदार अशोक गोरा ने संबंधित व्यवस्थाओं की रिपोर्ट करते हुए घायलों का उपचार सुनिश्चित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन सेवाओं के बीच समन्वय स्थापित किया गया। विभिन्न एजेंसियों ने मिलकर स्थिति को नियंत्रित करने और राहत कार्यों में सहयोग किया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मॉक ड्रिल की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस मॉक ड्रिल ने हमें आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की क्षमता का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान किया। विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और नागरिकों की जागरूकता इस प्रकार की स्थितियों में काफी उपयोगी साबित होगी। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा कि इस अभ्यास ने एयर स्ट्राइक जैसी स्थिति में त्वरित और संगठित प्रतिक्रिया को समझने में मदद की। इस प्रकार के अभ्यास भविष्य में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में सहायक होंगे। इस दौरान वार्डन सेवा प्रभारी व एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, नागरिक सुरक्षा मुख्य वार्डन राकेश शर्मा, संचार सेवा प्रभारी सुखवीर सिंह व एसीपी नरेश टुहानिया, शव निपटान सेवा व अग्निशमन सेवा प्रभारी चूरू आयुक्त अभिलाषा सिंह, हताहत सेवा प्रभारी सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, बचाव प्रभारी सानिवि एसई पंकज यादव, साल्वेज सेवा प्रभारी कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, पूर्ति सेवा प्रभारी डीएसओ साक्षी पुरी, डिपो व परिवहन सेवा प्रभारी डीटीओ नरेश कुमार, कल्याण सेवा प्रभारी नगेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मुस्तैद रहे।





## ब्लैकआउट मॉक ड्रिल के दौरान घबराएं नहीं: सुराणा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने वीडियो संदेश जारी कर आमजन से ऑपरेशन 'अभ्यास' अंतर्गत किए जाने वाले ब्लैकआउट मॉकड्रिल के लिए सहयोग करने और आवश्यक ऐहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी कस्बों व गांवों में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा है कि आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तेज व अधिक समय के लिए सायरन बजने पर आमजन जहां भी हों, यथास्थिति रूक जाएं और अपने घरों, दुकानों, उद्योगों, कार्यालयों आदि की लाइटें बंद करें। खिड़कियों आदि पर काले पर्दे लगाएं और खिड़कियों के पास नहीं खड़े हों। सड़क पर वाहन चलाते समय रूक जाएं तथा अपने वाहनों की हेडलाइट बंद कर दें। किसी भी प्रकार से रोशनी का उपयोग नहीं करें। सड़क या मुख्य रास्तों पर हों तो किनारे हो जाएं और एबुलेंस व आपातकालीन वाहनों को रास्ता दें। सायरन बजने के बाद मूवमेंट नहीं करें। उन्होंने कहा कि यह सीखने का अवसर है। हम सभी सहयोग करें। आमजन मॉक ड्रिल के दौरान घबराए नहीं तथा भगदड़ आदि न करें। इस दौरान की जाने वाली गतिविधियों के बारे में अपने परिवेश के लोगों को भी जागरूक करें। हम सभी इसकी गंभीरता को समझें तथा सक्रिय भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रहित में एकजुट होकर काम करें। उन्होंने बताया कि धीरे व कम समय के लिए सायरन बजने पर सामान्य स्थिति में लौटें।

## तीन दिवसीय बीसीएमई प्रशिक्षण का समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पंडित दीनदयाल मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय बीसीएमई प्रशिक्षण का समापन बुधवार को समारोह पूर्वक हुआ। प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार ने बताया कि प्रथम बार हुए प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागी चिकित्सक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में चिकित्सकों को चिकित्सा शिक्षा के नवाचार के संबंध में अनेक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रमाकांत शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में चिकित्सक शिक्षकों को आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए छात्रों को परिपूर्ण चिकित्सक बनने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. हनुमान जयपाल, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. आरपी आचार्य, डॉ. मीनाक्षी जयपाल, डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. विकास देवड़ा व डॉ. अभिमन्यु तिवाड़ी ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण एनएमसी के पर्यवेक्षक डॉ. बुसरा फिजा की ओर से दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागी व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## आदिनाथ जैन भवन का उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** बीओबी बैंक के पास पूनमचंद तातेड़ के पुत्र महेंद्र तातेड़ की ओर से निर्मित आदिनाथ जैन भवन का उदघाटन बुधवार को साध्वी संयमश्री, प्रेम प्रभा, सहज प्रभा, प्रसिद्ध प्रभा, संप्रति प्रभा के मंगल प्रवेश से हुआ। ये सभी साध्वियां चातुर्मास के लिए शहर में आई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी संयमश्री ने कहा कि हम शासन के सच्चे प्रहरी है। हम लोगों को जगाने आए हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में छोटे-छोटे व्रत धारण करें। संवर व निर्जरा का ज्यादा से ज्यादा विकास करें। अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, मंत्री कमलसिंह बैद, दिनेश बोथरा, विमलादेवी बोथरा, निर्मलादेवी तातेड़, सुमन कुंडलिया ने भी अपने विचार प्रकट किए। भवन निर्माता तातेड़ परिवार के महेंद्र व निर्मला का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की बहिनों के मंगलाचरण से हुआ। संचालन तेजपालसिंह गुर्जर ने किया।



## पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से बुधवार को श्री गणेशीलाल झंवर उच्च माध्यमिक विद्यालय में पक्षियों के लिए परीण्डे लगाए गए। सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलूणिया की अध्यक्षता में परीण्डे लगाने के बाद बच्चों को कोपियां और चॉकलेट का वितरण किया गया। मंत्री सुमन मिरणका ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को लक्ष्य निर्धारण की जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या कुसुम शर्मा ने परीक्षा के बारे में वार्ता की। इस दौरान बलदेव ढ़ाका, स्वनंदा म्हैण, पवन शर्मा, अनु तोदी, रितू गाड़ोदिया, मीरा गुप्ता, किरण कंदोई, सुमन जाजोदिया, प्रियंका गोयनका, मानसून पंसारी, दीपिका मोर, अमिता बगड़िया आदि मौजूद रहे।

## एग्जाम सेंटर पर नशे में धुत दो पुलिसकर्मी निलंबित

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के दौरान झुंझुनूं जिले के एक परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में तैनात दो पुलिसकर्मियों को शराब के नशे में पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह घटना शहीद कर्नल जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र पर सामने आई, जहां राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण परीक्षा का आयोजन किया जा रहा था।

### ड्यूटी के दौरान नशे में मिले कॉन्स्टेबल

पुलिस अधीक्षक (एसपी) शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस लाइन झुंझुनूं से ड्यूटी पर लगाए गए दो कॉन्स्टेबल - विरेन्द्र (कानि. 237) और कर्मवीर (कानि. 147) - परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात थे। हालांकि, परीक्षा के दौरान दोनों कर्मी संदिग्ध अवस्था में पाए गए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दोनों को शराब के नशे में ड्यूटी करते हुए पकड़ा, जिससे परीक्षा केंद्र पर मौजूद अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों के बीच हड़कंप मच गया।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

एसपी शरद चौधरी ने इस घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पुलिस बल की छवि बनाए रखना और संवेदनशील आयोजनों में पूरी निष्ठा से ड्यूटी करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का परम कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोनों कांस्टेबलों के इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से न केवल पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है, बल्कि इसने छात्रों की सुरक्षा और परीक्षा की पवित्रता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### प्राथमिक जांच के लिए अधिकारी नियुक्त

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लाइन झुंझुनूं के पुलिस निरीक्षक गोपाललाल को प्राथमिक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे इस पूरी घटना की गहन जांच करेंगे और यह भी पता लगाएंगे कि क्या इस मामले में कोई अन्य कर्मचारी भी शामिल था या नहीं। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए गए कर्मियों के खिलाफ आगे की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ज्वैलर्स के साथ लूट करने की वारदात को अंजाम, तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में ज्वैलर्स के साथ लूट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरदारशहर में बुधवार को शाम 8 बजे पंकज पुत्र राजकुमार सोनी निवासी वार्ड 15 ईस्लामिया मदरसा के पास स्थित ज्वैलरी की दुकान बंद कर जेवरात से भरा थैला लेकर अपने घर जा रहा था कि जयशंकर सोनी ट्रांसपोर्ट के सामने गली में प्रवेश किया तो वहां पूर्व से घात लगाकर बैठे तीन मोटरसाइकिल सवार लडको ने पंकज सोनी की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर मारपीट कर जेवरात से भरा थैला छिनने लगे। जिस पर पंकज सोनी ने हल्ला मचाया तो प्रवीण कुमार सोनी व लक्ष्मीनारायण सोनी ने बचाया। इसी दौरान तीनों लडके जेवरात से भरा थैला लूटकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए। मौके से पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर रात्रि डयूटी अधिकारी उप निरीक्षक मंगूराम मय जाप्ता व पुलिस की कई टीमें थाने से रवाना होकर घटनास्थल व भागने के सम्भावित स्थानों पर नाकाबन्दी की। मौके पर एकत्रित व्यक्तियों व पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया। तीनों मोटरसाइकिल सवार लुटेरे सूर्य मंदिर के पास गली में स्लीप होकर गिर गए। जिनको पकड लिया गया। जिनके नाम सीताराम दास पुत्र धर्मपाल स्वामी उम्र 30 साल निवासी गारबदेसर पुलिस थाना कालू जिला बीकानेर, कर्ण पुत्र विनोद कुमार ओड उम्र 20 साल निवासी 17 एमएल पठानवाला पुलिस थाना सदर श्रीगंगानगर व रोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश नायक उम्र 23 साल निवासी पठानवाला पुलिस थाना सदर श्री गंगानगर है। जिनके कब्जे से लूटा गया जेवरात से भरा थैला। जिसमें करीब 01 किलोग्राम 250 ग्राम चांदी के जेवरात व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। उक्त घटना के सम्बन्ध में पंकज सोनी ने मामला दर्ज करवाया। आरोपी सीताराम दास के खिलाफ पूर्व में करीब एक दर्जन लूट, चोरी के प्रकरण दर्ज है। पुलिस की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए आमजन से सहयोग लेते हुए घटना के तुरन्त बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस कार्रवाई में एसआई मंगूराम, एएसआई हिम्मतसिंह, कांस्टेबल नन्दलाल, सत्यप्रकाश, रामप्रताप, रोहिताश, हैडकांस्टेबल रूपाराम, संतराम, हजारीमल ने विशेष भूमिका निभाई है।

## अटल जन सेवा शिविर आज

**जयपुर टाइम्स/चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को सवेरे 10 बजे से जिले के सभी उपखंडों में अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि अटल जन सेवा शिविरों में सभी उपखंड स्तरीय अधिकारी आमजन ?के अभाव अभियोग सुनेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए हैं।

## प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए बैंको में वार्षिक साख योजना के लिए 9547 करोड़ के लक्ष्य निर्धारित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला परामर्श समिति की तिमाही बैठक का आयोजन बुधवार को जिला कलक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिला कलक्टर ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष की 9547 करोड़ वार्षिक साख योजना से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और समाज के कमजोर वर्गों जिसमें किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, स्ट्रीट वेंडर्स के उथान के लिये महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। बैठक में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ऋण देकर लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल प्रसाद ने मार्च 2025 तक के वार्षिक साख योजना 2024-25 के लक्ष्य की प्राप्ति, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की कार्यप्रणाली से अवगत करवाते हुए बैंकों को जमा और ऋण प्रवाह बढ़ाने, वित्तीय साक्षरता, एमएसएमई ऋण बढ़ाने की बात कही।

## एफसीआई डिपो में मजदूरों के फोन पे नम्बरों पर रिश्वत लेने के गंभीर आरोप

### वाहन चालकों ने दिखाये फोन पे के स्क्रीनशॉट, बारी से पहले गाड़ी खाली करवाने के आरोप

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत समिति कार्यालय के पास स्थित एफसीआई गोदाम के बाहर अपनी गाड़ी के अनलोड (खाली) होने का इंतजार कर रहे वाहन चालकों ने रिश्वतबाजी के आरोप डिपो प्रशासन पर लगाए हैं। पीड़ित वाहन चालक जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देने एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा के पास पहुंचे और कहा कि मजदूरों के जरिए रिश्वत लेकर बिना उनकी बारी के ही गाड़ियों को अनलोड करवाया जा रहा है। इसी प्रकार एफसीआई परिसर में बने शौचालयों का उपयोग नहीं करने दिया जा रहा और न ही पानी पीने दिया जा रहा है, जिसके चलते गोदाम के बाहर खड़े वाहन चालकों को तीन-तीन दिनों तक काफी मुश्किल होती है और स्वच्छ भारत अभियान को भी धत्ता बताने का काम डिपो प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते वक्त सामाजिक कार्यकर्ता अमृता चौधरी, आरएलपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष रतनलाल नायक, एडवोकेट तिलोकचंद मेघवाल, वाहन चालक बृजमोहन पचार, आशुसिंह आदि ने बताया कि एक व्यक्ति जब अंदर पानी पीने के लिए गया, तो गार्ड उसके पीछे दौड़ा। उपखंड अधिकारी ने मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उसके बाद सभी वाहन चालक एफसीआई डिपो पर गए। जहां पर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान एफसीआई डिपो मैनेजर रियाज मोहम्मद ने रिश्वत के आरोपों से इंकार किया, तो वाहन चालक भड़क गए और फोन पे के स्क्रीन शॉट दिखाने लगे। जिस पर रियाज मोहम्मद ने कहा कि अगर ठेकेदार के मजदूरों ने पहले बिना बारी के ही गाड़ी खाली करने के नाम पर रिश्वत ली है, तो इस मामले की जांच करवाई जाएगी। इसी प्रकार एक मजदूर आशुसिंह ने कहा कि मैं पिछले एक माह में 12 से 13 हजार रिश्वत दे चुका हूं और इसमें सबकी मिलीभगत है। केवल ठेकेदार के लिए मजदूर रिश्वत लेते हों, ऐसी बात नहीं है। क्योंकि बिना बारी के गाड़ी को अनलोड करवाना ही एफसीआई के अधिकारियों की मिलीभगत प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है। मौके पर सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची। इस दौरान एफसीआई के अधिकारी समस्या के समाधान का आश्वासन देते रहे। लेकिन जब वाहन चालकों और अमृता चौधरी, रतनलाल नायक आदि ने वहीं पर धरना देने की चेतावनी दी, तो सहायक सतपाल ने कहा कि हम लोग लिखित में आप लोगों को आश्वासन दे देंगे। इस दौरान प्रदर्शनकारी वाहन चालक सूची बनाने लगे कि कौनसे ड्राईवर ने कितनी रिश्वत मजदूरों के जरिये फोन पे पर भेजी गई है। जिसके बारे में संभावना यह जताई गई कि यह रिश्वत राशि ठेकेदार से वापस वाहन चालकों को दिलाई जाएगी। सोचने वाली बात ये है कि भ्रष्टाचार का नंगा नाच सबके सामने हो रहा है, वाहन चालक परेशान हो रहे हैं, लेकिन कोई रोकने वाला टोकने वाला नहीं है। देखने वाली बात ये होगी कि वाहन चालक अपनी शिकायत पर कायम रहते हुए जांच को सिरे चढ़ाते हैं या नहीं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।